CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C
सेंसेक्स 74,332.58
निफ्टी 22,552.50
सोना 88,570
चांदी 99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 8 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 7 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## सातवां रोज़ा

### अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा

रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

# चमोली में मलारी हाईवे पर चट्टान गिरने से टूटा बीआरओ का पुल

**सीमावर्ती इलाकों में आवागमन हुआ बंद, वैली ब्रिज का निर्माण होगा**

शाह टाइम्स संवाददाता



**चमोली/ देहरादून।** चमोली जिले के मलारी हाईवे के पास पहाड़ी से गिरी चट्टान से बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल टूट गया। पुल टूटने से सीमावर्ती इलाकों में आवागमन बंद हो गया है। भाप कुंड के समीप पनघटी नाले के ऊपर बना बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल गिरने से यातायात के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। चमोली में ही पांच मार्च को चट्टान टूटने से गोविंदघाट में बना मोटर पुल ध्वस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया था। इसके साथ ही पुलना गांव, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। वहीं मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गोविंदघाट के सामने पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान टूटकर सीधे अलकनंदा नदी पर बने सस्पेंशन ब्रिज पर गिर गई थी।

# मोदी ने सिलवासा को दी 2580 करोड़ की सौगात

**कहा: दादरा एवं नगर हवेली व दमन और दीव हमारा गौरव व विरासत**



**सिलवासा।** पीएम मोदी ने यहां केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए शुक्रवार को 2580 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

श्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के सिलवासा में शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। देश के सभी हिस्सों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने पर उनके प्राथमिक ध्यान के तहत उन्होंने सिलवासा में नमो अस्पताल के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। कुल 460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इस केन्द्र-शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों, खासकर आदिवासी समुदायों, को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन विभिन्न विकास परियोजनाओं में विभिन्न ग्रामीण सड़कें एवं सड़क संबंधी अवसंरचनाएं, स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, पंचायत एवं प्रशासनिक भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, जलापूर्ति और सीवेज संबंधी अवसंरचनाएं आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और क्षेत्र में लोक कल्याण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देना है।





# धारावी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## अडानी समूह को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने की दलील खारिज की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माणाधीन कार्य को रोकने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अडानी समूह के पक्ष वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से इन्कार कर दिया।

हालांकि, पीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की इस याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। सेकलिंक ने धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बोली को रद्द करने और 2022 में अडानी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सेकलिंक द्वारा अपनी पेशकश में 20 फीसदी की वृद्धि करने की बात पर पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताई। अडानी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि निर्माण (परियोजना) पहले ही शुरू हो चुका था। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी समूह ने हजारों श्रमिकों को रोजगार दिया है। महत्वपूर्ण धन का निवेश किया और करोड़ों रुपये के निर्माण उपकरण खरीदे हैं। उन्होंने पीठ को बताया कि निर्माण स्थल पर रेलवे क्वार्टरों को ढहाने का काम शुरू कर दिया गया है। उनकी ये दलील सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना स्थल पर चल रहे कार्य को नहीं रोकेगी। शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने को कहा। हालांकि, सेकलिंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. आर्यमा सुंदरम ने दलील दी कि उनका मुवक्किल अपनी बोली में 20 फीसदी की वृद्धि करते हुए 8,640 करोड़ रुपये की संशोधित बोली का प्रस्ताव कर रहा है, जो अडानी की 5,069 करोड़ रुपये की आधार बोली से अधिक है। इसके बाद पीठ ने सेकलिंक को इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा।

- कोर्ट ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया
- शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने का दिया आदेश
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी



## शीर्ष अदालत ने विधायक अब्बास अंसारी को दी अंतरिम जमानत



**मऊ विधायक को गैंगस्टर एक्ट में मिली बड़ी राहत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मऊ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अंसारी को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ने और अदालत में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पीठ ने उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस से छह सप्ताह में अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें मौजूदा मामले को छोड़कर सभी मामलों में जमानत दी गई है, जिसमें केवल पुलिस अधिकारियों को गवाह के रूप में नामित किया गया है।

# तहव्वुर राणा की अर्जी अमेरिकी कोर्ट में फिर खारिज

वाशिंगटन, वार्ता



**सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, मुंबई हमलों के दोषी को भारत लाने का रास्ता हुआसाफ**

**2008 मुंबई हमलों** के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया, तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा।

इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद है। मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने ताजमहल होटल पैलेस को भी निशाना बनाया था, अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था 13 नवम्बर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

## अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अपराध रोके बांग्लादेश : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इज़हार किया है, जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में बांग्लादेश के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

## काशी व अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। अपने एक दिवसीय दौरे पर आए योगी ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिये रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

## 43 लाख के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों का सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को 43 लाख रुपये के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सूत्रों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों पर 43 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित सभी नक्सली माड़ डिविजन के हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी नक्सली बुर्कापाल घटना समेत कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के दबाव के साथ सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया है।

## चाणक्यपुरी में आईएफएस अफसर ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आईएफएस अधिकारी पिछले कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

# अंबाला में वायुसेना का जगुआर विमान क्रैश



**पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा**

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।

वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह जगुआर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि पायलट ने सुझबूझ दिखाई और विमान को आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। प्रवक्ता ने कहा कि विमान को आबादी से दूर ले जाने के बाद पायलट पैराशूट की मदद से छलांग लगाकर सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई ही उनकी ईमानदारी तय करेगी: भारत

**जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताया**



**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानी अलगाववादियों एवं चरमपंथियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताते हुए इस बारे में ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के बयान को दरकिनार कर दिया है और कहा है कि बयान की ईमानदारी का पता ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई से ही चलेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में ब्रिटेन की घटनाओं पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने विदेश मंत्री डा. जयशंकर की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। घटना का एक बड़ा संदर्भ है, जो ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ-साथ ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके डराने, धमकी देने और अन्य कार्यों के प्रति (सुरक्षा एजेंसियों की) उदासीनता दोनों को उजागर करता है।

# दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, 2500 रुपये मिलेंगे, लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा**

**सालाना आय तीन लाख से कम और टैक्स न देने वाली महिलाएं ही होंगी योजना की पात्र**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा, जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही हैं। महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।



## संक्षिप्त समाचार

### ढाई सौ मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में सरकार बने अभी एक महीने भी नहीं हुए और भारतीय जनता पार्टी 250 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने की योजना बना रही है, जो उचित नहीं है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जैन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता की सेवा के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले थे। हर मोहल्ला क्लीनिक में एक डॉक्टर, दवाइयां और 365 टेस्ट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। मोहल्ला क्लीनिक खोलने के पीछे आम आदमी पार्टी की सरकार का ध्एय यह था कि लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरी दिल्ली में लगभग 550 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। भाजपा की सरकार इन 550 मोहल्ला क्लीनिकों में से 250 को बंद करने जा रही है। यह दिल्ली की जनता के साथ बहुत बड़ा अत्याचार है।आम आदमी पार्टी अपील करती है कि भाजपा दिल्ली में एक भी मोहल्ला क्लीनिक बंद न करे, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक जल्द से जल्द खोले। भाजपा मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करना चाहती है और दिल्ली की जनता को दंडित करना चाहती है।

### बब्बर खालसा के तीन सदस्य पकड़े, हत्या की योजना विफल

**जालंधर।** पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जालंधर पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार राज्य में हत्या की एक योजना को टाल दिया। पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के नौशहरा कलां निवासी जगरूप सिंह, कपूरथला के गांव मिर्जापुर निवासी सुखजीत सिंह और तरनतारन के गांव फतेहाबाद निवासी नवप्रीत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मॉड्यूल को अमे. रिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है और उसके साथ मिलकर काम कर रहा था।

### आईएफएस अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में तैनात भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी के निधन पर मंत्रालय ने दुख एवं शो. काकुल परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने शुंक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 7 मार्च की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। बयान में कहा गया कि मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। दुख की इस घड़ी में मंत्रालय परिवार के साथ खड़ा है। विदेश मंत्रालय ने अधिकारी के बारे में अधिक जानक. ारी नहीं दी और कहा कि शोक के इस समय में परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अधिक विवरण जारी नहीं किया जा रहा है।

# गरीबों का ध्यान रखकर नीति लागू करें अधिकारी: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में मुर्मू ने किया आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से गरीबों और वंचितों को ध्यान में रखकर नीति और कार्यक्रम लागू करने को कहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अधिकारियों से प्रशासनिक कामकाज, सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में एक राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जो उनकी चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करे। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, वे देश और लोगों के विकास में योगदान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। साथ ही, विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### जन औषधि दिवस पर जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम लोगों को किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाली अंग्रेजी दवायें उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को मनाए जा रहे जन औषधि दिवस के मद्देजनर शुक्रवार को देश भर में जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक मार्च से सात मार्च तक विशेष अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और शुक्रवार को विशेषतौर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजित कर लोगों को जनऔषधि के बारे में बताया गया। हर साल 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके।

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाले परिवार से कितना जीएसटी मिला: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सपा मुखिया ने योगी सरकार से पूछा सवाल

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान एक नाविक के 30 करोड़ की आमदनी होने के बयान पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाएं हैं, तो सरकार ये भी बताए कि जीएसटी कितना मिला।

यादव ने जारी बयान में कहा कि पवित्र महाकुंभ में यह तो सत्ता संरक्षण में श्रद्धालुओं के साथ लूट की एक कहानी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार के ब्रांड एम्बेसडर नाविक को लेकर खबरों के माध्यम से जो कहानियां आ रही हैं। वह हैरान करने वाली है। इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में ठगों और अपरा. धियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर और ठग सत्ता से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे है। सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है। सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपरा. धियों और हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। माननीय महाकुंभ में दूसरों की सक्सेस स्टोरी क्यों सुना रहे हैं। क्या महाकुंभ में उनकी अपनी कोई सफलता की कहानी नहीं है। क्या सरकार खुद असफल हो गयी है जो अपराधियों की कहानी सुना रही हैं। अगर सुनानी है तो सरकार अपनी सच्ची कहानी सुनाए लेकिन सच्चाई तो यह है कि सरकार की अपनी कोई कहानी नहीं है। उन्होने कहा कि पाताल खोजी पहले पता कर लिया करें फिर महिमा मंडल करें। पहले निवेश के नाम पर ठग से हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। अब नामजद के नाम की सदन में बंद आखों से तारीफ कर दी। इसीलिए भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों की ठगी और लूट को भाजपा विकास समझती है।

## जीआईएस के तहत मुजफ्फरनगर समेत 35 शहर बनेंगे आधुनिक: योगी

# 59 शहरों का होगा उन्नत व हाईटेक विकास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आधुनिकीकरण वाले शहरों में अयोध्या अलीगढ़, सहारनपुर मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और फिरोजाबाद जिले भी शामिल

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को नई दिशा देने के लिए जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिए शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी। इस तकनीक से शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को रोकने और योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महायोजना के तहत शहरों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। इन शहरों में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहनों की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और जलभराव से बचाव के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नए पौधे लगाए जाएंगे। सरकार की महायोजना से न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

विभिन्न निर्माण कार्यों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। जीआईएस आधारित योजना से शहरी विकास में पारदर्शिता आएगी। इससे अधिका. रियों को योजनाओं की सही निगरानी करने और किसी भी क्षेत्र में आवश्यक बदलाव करने में आसानी होगी। साथ ही, सरकार को शहरों के विकास से संबंधित सटीक डेटा मिलेगा, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

## आतिशी ने महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुक्रवार को एक पत्र लिखकर महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा पूरा करने की मांग की। सुश्री आतिशी ने सुश्री गुप्ता को एक पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पारित होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नम्बर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके। सुश्री आतिशी ने कहा है कि अब महिला दिवस में सिर्फ एक दिन बचा है। पूरी दिल्ली की महिलाएं इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। वे उम्मीद लगाए बैठी हैं कि आठ मार्च से उनके अकाउंट में पहली किस्त आनी शुरू हो जाएगी, जैसा कि भाजपा ने वादा किया था। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री जी, दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए तुरंत उनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएं।

# जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

**जम्मू, वार्ता**



■ 112 लाख का बजट पेश, गरीबों को मुफ्त बिजली मिलेगी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में केन्द्र शासित क्षेत्र का 2025-26 का 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। श्री अब्दुल्ला के पास वित्त विभाग का भी दायित्व है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में कुल 1,12,310 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का हिसाब नहीं बल्कि यह एक नए और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का खाका है, जिसमें केन्द्र शासित क्षेत्र की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बजट में गरीबों को मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मफ्त यात्रा, पत्रकारों के लिए उनके कामकाज के लिए बेहतर सुविधा की घोषणा की है। बजट में राजस्व प्राप्तियां 97,982 और पूंजीगत प्राप्तियां 14,328 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह उन्होंने कहा कि राजस्व मद पर खर्च 79,703 करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 32,607 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि बजट में 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट और रोजमर्रा के काम के लिए अग्रिम राशि को भी जोड़ दिया जाएं, तो 2025-26 में जम्मू कश्मीर प्रशासन का सकल व्यय 1,40,309.99 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यात्रा की मुफ्त सुविधा देने से शिक्षा और रोजगार में उनकी भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है और नौकरियों में उनका हिस्सा बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना के तहत जम्मू-कश्मीर में 40 हजार महिलाओं को सूक्ष्म स्टार्टअप इकाईयों शुरू करने में मदद का प्रस्ताव किया है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को साल भर में कम से कम एक लाख रुपए की आय वाले कारोबार के लिए मदद करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें।

## अर्थ व्यापार

# गिरावट के दबाव में शेयर बाजार सपाट बंद

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेरह समूहों में हुई एक फीसदी से अधिक तक की बिकवाली वहीं अन्य समूहों में लिवाली होने से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर सपाट रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,888.29 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,606.86 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4114 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2512 में लिवाली जबकि 1468 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि अन्य 20 हरे निशान पर रहीं।

बीएसई के 13 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.07, हेल्थकेयर 0.36, आईटी 0.83, यूटिलिटीज 0.91, बैंकिंग 0.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.11, पावर 0.59, रियल्टी 0.75, टेक 0.59, सर्विसेज 0.41 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 1.41, जापान का निक्केई 2.17, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 74,347.14 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,038.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 74,586-43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,340-09 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 74,332.58 अंक पर सपाट रहा। वहीं निफ्टी 36 अंक गिरकर 22,508.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,464.75 अंक के निचले, जबकि 22,633.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,544.70 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 अंक पर सपाट बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया।

इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.99 अरब डॉलर हो गया।

# मूंगफली तेल सस्ता, चना व दाल गिरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



**विदेशी** बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया तथा चना और दाल चना के भाव गिर गए, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 77 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की गिरावट के साथ 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति लक्वटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना के 150-150 रुपए प्रति लक्वटल गिरने के अलावा अन्य दालों में टिकाव रहा। मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200- 9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम- 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



■ प्रदेश प्रभारी अजय कुमार लल्लू व चरण दास ने लगाए गंभीर आरोप

# ओडिशा में दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रोक पा रही डबल इंजन की सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

**कांग्रेस** ने कहा है कि ओडिशा में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और महिलाओं की आवाज बनकर काम करती रहेगी।

कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस ओडिशा में 24 साल तक बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार रही है वहां 2009 में सत्ता में भागीदार रही भाजपा अब पूरे बहुमत के साथ वहां सरकार में है।

भाजपा-बीजद के बीच केंद्र तथा राज्य में बार बार राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करते हुए समय-समय पर अपनी रणनीति को बदला है और स्वार्थ से ऊपर उठकर कभी जनता के हित खासकर महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। दोनों दलों ने सत्ता में रहते हुए महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने की भाजपा सरकार में खुद मुख्यमंत्री का मानना है कि 3,420 महिलाएं और 8,403 बच्चे लापता हैं। वहीं इन आठ महीनों में 54 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। ओडिशा में नाबालिग बच्चियों के बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना सब होने के बावजूद भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार चुप है। उन्होंने दुष्कर्म की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए सवाल करते हुए कहा कि मलकानगिरी में एक आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल है, जहां एक दसवीं कक्षा की बच्ची प्रेगनेंट हो जाती है। जब वो बच्ची परीक्षा देने जाती है, तो उसका प्रसव हो जाता है। जाजपुर जिले में एक स्कूल की बच्ची अभी भी प्रेगनेंट है। मुख्यमंत्री के गृह जिले केउंझर में एक छठी कक्षा की एक बच्ची प्रेगनेंट है। केन्द्रापड़ा जिले में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की है और कोरापुट में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। सवाल है कि इतने दिनों तक वॉर्डन और हेडमास्टर कहां थे।

आवासीय स्कूलों के लिए विजिटर होते हैं, वो कहां थे। क्या इन सभी बच्चियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री न्याय देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा में बच्चियों के साथ लगातार अपराध और दरिंदगी हो रही है। कांग्रेस पार्टी इन मामलों पर किसी भी हाल में चुप नहीं रहेगी। जब हमने इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाई, तो ओडिशा के मुख्यमंत्री कहते हैं कि बीजद सरकार में ऐसे अपराध ज्यादा हुए थे और हमारी सरकार में कम हुए हैं। मुख्यमंत्री बीजद के 24 साल के पाप के साथ अपने आठ महीने के पाप की तुलना कर रहे हैं और यह बेहद शर्मनाक है।ह उन्होंने राज्य में महिलाओं के सथ हो रहे अत्याचार पर ध्यान देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भारत सरकार ध्यान दें क्योंकि अपराध रोकने पर ध्यान दें और अगर ध्यान नहीं दिया गया तो उच्चतम न्यायालय को इसे संज्ञान में लेकर एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के जरिए सरकार को आदेश देना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे ओर रवैया बदले।

ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2022 में 9.3 प्रतिशत थी, लेकिन अब आठ प्रतिशत की दर से बढ़े अपराधों को लेकर 31,000 मामले दर्ज हुए हैं। इन अपराधों से आदिवासी और दलित महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। जब तक इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलता ओडिशा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## इबादत में झुके सिर, मुल्क में अमन व तरक्की के लिए उठे हजारों हाथ

# पहले जुमे को उमड़ा नमाज़ियों का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान के पहले जुमे को रोजेदारों की भीड़ के सामने शहर की मुख्य जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदें छोटी दिखाई दीं। नमाज से पहले तकरीर में उलेमाओं ने रोजे की फजीलत बयां करते हुए इबादत में वक्त गुजारने के साथ ही जरूरतमंदों की मदद करने का पैगाम दिया। अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती के अलावा मुकद्दस महीने की इबादत कुबूल करने के लिए गिड़गिड़ाकर दुआ मांगी। वहीं, नमाजियों की भीड़भाड़ से जुड़ी मुख्य मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को माहे रमजान का पहला जुमा था। जिसे लेकर रोजेदारों में खासा उत्साह था। सुबह से ही रोजेदार नमाज की तैयारियों में लगे हुए थे। दोपहर 12:30 बजे जैसे ही मस्जिदों से आजान की की आवाज आनी शुरू हुई तो नमाजियों ने फौरन ही मस्जिदों की तरफ रूख कर लिया। रमजान के जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी काफी उत्सुक थे। शहर की जामा मस्जिद पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। यहां मुफ्ती मोहम्मद आसिम ने नमाज अदा कराई। तकरीर में उन्होंने रोजे की फजीलत के साथ ही जकात की अदायगी के तौर तरीकों का जिक्र किया। मोहल्ला शफातपोता स्थित शिया जामा मस्जिद में नायब इमाम डा.एहसन अख्तर सरोश, शाही चबूतरा की तख्त सुलेमान वाली मस्जिद में मुफ्ती शाहिद हुसैन अजमली, दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने नमाज पढ़ाई। इनके अलावा मोहल्ला चिल्ला की मस्जिद, आजाद मार्ग स्थित सुनहरी मस्जिद, बसावन गंज की बड़ी मस्जिद, मोहल्ला मछरट्टा की बख्शुल्ला मस्जिद, अंधेरिया मस्जिद, रोजा पीर शब्बन शाह, दरगाह हजरत शाह विलायत, दरगाह भूरे खां शहीद समेत शहर की अन्य मस्जिदों मे भी जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नौगावां सादात, कैलसा, रजबपुर, जोया व डिडौली में भी रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिहाज से कड़े बंदोबस्त रहे। शहर की जामा मस्जिद के बाहर प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहते हुए लोगों से मुलाकात की। नगर पालि. का परिषद की ओर से जुमे की नमाज को लेकर शहर की सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए थे। ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी उठानी न पड़े। इसके लिए लोगों ने पालिकाध्यक्ष शशि जैन व ईओ डॉ. बृजेश कुमार का आभार जताया।



अमरोहा। रमजान माह के पहले जुमे को जामा मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम।



## रमजान में दिल खोलकर करें गरीबों की मद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रमजान मुबारक के पहले जुमे को मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। अमन शांति स्थापना के लिए दुआ भी कराई गई।

मुस्लिम समाज के लोगों ने रमजान मुबारक के पहले जुमे की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही तैयारी करनी शुरू कर दी थी। नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के बाहर सफाई व्यवस्था कर चूना आदि डलवाया गया था। शहर की दरगाह वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद, पत्थर वाली मस्जिद, मस्जिद नवाबान, बाग वाली, लाल मस्जिद, गढ़ी वाली मस्जिद, अंगूर वाली, मस्जिद पुरानी जामा मस्जिद, मस्जिद सम्भलयान, रेतिया वाली, संभल बस स्टैंड चौराहा वाली मस्जिद, आयशा मस्जिद के अलावा जामा मस्जिद में मुफ्ती मेराज अहमद ने रमजान मुबारक के पहले जुमे की नमाज को अदा कराया। मस्जिदों में बताया गया कि इस मुबारक महीने में जकात खैरात का खास ख्याल रखा जाये। कमजोर लोगों की मदद की जाये। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र ग्राम सिहाली जागीर, आगापुर, बावनखेड़ी, मनौटा, मछरई, कालाखेड़ा, हैबतपुर, पिपलोती कला, पिपलोती खुर्द गंगवार, बुरावली, जयतोली, बांसका कलां, बांसका खुर्द सुतावली, ढक्का, उझारी, सैदनगली आदि में भी रमजान मुबारक के पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाज को अदा करा। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। एसडीएम विभा श्रीवास्तव एवं सीओ दीप कुमार पंत क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

## जमीन पर अवैध कब्जे के विरोध में फायरिंग

### रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की, हमले में किसान बाल-बाल बच गया। मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगी में सुखवीर सिंह का परिवार रहता है। पांच मार्च को गांव के ही रहने वाले ओमपाल सिंह, चरन सिंह, दिनेश, सतबीर, नरेश, चमन सिंह और गोलू ने सुखवीर सिंह के भाइयों की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। सुखवीर सिंह ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली सुखवीर सिंह से सटकर गुजर गई और वह बाल-बाल बच गए। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में ओमपाल सिंह, चरन सिंह, दिनेश, सतवीर, नरेश, चमन सिंह और गोलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## फ्लैगमार्च निकाल दिया सुरक्षा का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रमजान मुबारक की नमाज को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस ली थी।

रमजान के पहले जुमे की नमाज को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए सीओ दीप कुमार पंत के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इससे पहले कोतवाली प्रांगण में पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई। सुबह-सुबह पुलिस फोर्स को शहर में फ्लैग मार्च करते हुए देखकर लोग अचंभित हो गये। नगर के कई मोहल्लों में फ्लैग मार्च निकाला गया। कोतवाली में वापस लौटकर फ्लैग मार्च का समापन हो गया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

### छह दिन पहले हुआ था घायल, मेरठ में चल रहा था इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक से अपने घर लौटते समय सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा गमगीन माहौल में मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालका वाली डगरोली निवासी रामचंद्र का 20 वर्षीय बेटा विनीत 28 फरवरी को अपनी मेमोरी बहन को बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर उसकी ससुराल छोड़कर देर शाम बाइक से अपने गांव लौट रहा था। रात्रि करीब 7 बजे इलाके में गस्त कर रहे पुलिसकर्मियों को



भीमा ठीकरी गांव के निकट सड़क किनारे वह पड़ा हुआ मिला। बराबर में बाइक भी पड़ी थी। पुलिस ने तत्काल उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। वहीं,चिकित्सकों ने गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों द्वारा घायल को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक युवक का शव घर लाया गया। जहां परिजनों के द्वारा शुक्रवार को गमगीन माहौल में गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परि. जनों ने बताया कि मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## झोलाछाप के इलाज ने ली महिला की जान

### परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** झोलाछाप चिकित्सक के उपचार करने के कारण महिला की मौत हो गई। गुस्साये परिजनों ने झोलाछाप क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर हंगामा काट दिया। चिकित्सक क्लीनिक बंद कर फरार हो गया। महिला की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी मेहंदी हसन की 40 वर्षीय पत्नी नफीसा को गुरुवार की शाम बुखार एवं पेट दर्द की शिकायत थी। इस दौरान वह गांव के ही झोलाछाप चिकित्सक के पास दवाई लेने के लिए पहुंच गई। इस दौरान झोलाछाप चिकित्सक ने ड्रिप लगानीं शुरू कर दी। ड्रिप लगाते ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख झोलाछाप चिकित्सक क्लीनिक बंद कर फरार हो गया। परिजनों के द्वारा महिला को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। गुस्साये परिजनों ने क्लीनिक पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। इसके बाद परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही मृतका के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका अपने पीछे तीन बेटी तथा चार बेटों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। नोडल अधिकारी डा.शरद कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जायेगी।

## शादी समारोह में भिड़े घराती-बाराती

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** शादी समारोह में किसी बात को लेकर घरातियों व बरातियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। वहां मौजूद लोगों को किसी तरह दोनों पक्षों को समझकर शांत कराया। शहर के एक बैंकट हॉल में गुरुवार की रात एक शादी समारोह में किसी बात को लेकर बारातियों व घरातियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट होनी शुरू हो गई। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। शोर-शराबा होने आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुए लोगों ने दोनों पक्षों को किसी तरह समझाकर शांत कराया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खोदी गई सड़कों की कराएं मरम्मत

### नोडल अधिकारी ने जल निगम के जेई को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि हर घर जल योजना के तहत जिन सड़कों को तोड़ा गया है उनकी मरम्मत शीघ्र करायी जाये। प्राथमिक विद्यालयों में टाट पट्टी की व्यवस्था खत्म कर फर्नीचर बनवाया जाये।

■ **विकास कार्यों व सीएम डैशबोर्ड विभागों की रैकिंग की समीक्षा**

कलेकट्रेट सभागार में नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने विकास कार्यो व सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग से संबंधित समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बीएसए को निर्देश दिये कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति के सापेक्ष खाद्यान्न का वितरण हो। विद्यालयों में कायाकल्प के तहत फर्नीचर की व्यवस्था करने के साथ टाटा पट्टी को समाप्त किया जाये। जिला पूर्ति अधिकारी को डोर स्टेप डिलिवरी पूरी तरह से लागू करने और राशन वितरण को ठीक ढंग से कराने के निर्देश दिये गये। उन्होने जल निगम के अधिशासी अभियंता को आदेश देते कहा कि हर घर जल योजना के तहत जिन सड़कों पाइप लाइन के लिए तोड़ा गया है उसकी मरम्मत करायी जाये।जिले में गेस्ट हाउस निर्माण, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री सड़क योजना के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। बगद नदी को गंगा से लिंक किये जाने के लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिये। उन्होंने शहर में अन्नापूर्ण भवन बनाये जाने के आदेश दिये। जिला गन्ना अधिकारी से जानकारी की कि बाहर से कितना बीज मंगाया जाता है तथा प्राइवेट बीज लेने की प्रक्रिया किस तरह चल रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से दश्मोत्तर और पूर्व दशक छात्रवृत्ति योजना की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण से भवन व सड़क निर्माण में सीएम डैशबोर्ड की रैंक में सुधार के निर्देश दिये। इस मौके पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, मायाशंकर यादव, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक लेते नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद।



















## एक नजर

### भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग को जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। नगर के मोहल्ला बटवाल निवासी शुमायला खान परिवार के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची तथा ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि प्रार्थिनी की अमरोहा खास अंदर चुंगी चूना भटटी के समीप जमीन है। जिस पर भूमाफिया कब्जा करने के प्रयास में है। प्रार्थिनी के पिता अब्दुल वाहिद की मृत्यु 22 दिसम्बर 2017 को हो चुकी है। उक्त सम्पत्ति पर प्रार्थिनी व उसके परिवार का है। उसकी मां कैंसर पीड़ित है। भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में शुमायला खां, आमिर खां, जेबा, गुलनाज, सबा, रहनुमा शामिल रहीं।

### साइबर पुलिस ने पीड़ितों के पैसे वापस कराए

**अमरोहा।** साइबर थाना पुलिस ने धोखा देकर निकाले गए 3500 व 9844 रुपये बैंक खातों में वापस करा दिए। साइबर अपराधियों से पैसे वापस मिलने पीड़ितों ने थाने पहुंचकर पुलिस टीम का आभार जताया। गजरौला निवासी शहनवाज ने 15 फरवरी 2025 को पुलिस कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था। बताया था कि साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 3500 रुपये निकाल लिए हैं। वहीं, इससे पूर्व 14 नवंबर 2024 को साइबर अपराधियों ने शहर की डाक बंगला कॉलोनी निवासी दीपांकुर के खाते से 9844 रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। दीपांकुर ने भी धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस कार्यालय में की थी। दोनों मामलों की जांच साइबर थाना पुलिस द्वारा की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि साइबर अपराधियों को ट्रेस करने के बाद शहनवाज व दीपांकुर के खाते से निकाले गए पैसे वापस आ गए हैं। उन्होंने लोगों से खाते से संबंधित डिटेल, ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी अंजान व्यक्ति या कॉलर के साथ साझा न करने की अपील की। कहां कि बिना जांचे परखे किसी लिंक या एप्लिकेशन पर भुगतान न करे, यह भी ऑनलाइन धोखाधड़ी का तरीका हो सकता है।

# सड़क हादसे में घायल छात्रा ने तोड़ा दम

## आरोपी बाइक सवार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** 11 दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल छात्रा ने इलाज के दौरान दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर गंगेश्वरी निवासी काले खां की बेटी इकरा 24 फरवरी को बिहारी सिंह कन्या इंटर कालेज से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही थी। जब वह प्रकाश गिल इंटर कालेज के समीप पहुंची तो बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे इकरा घायल हो गयी थी। उसे मुरादाबाद के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया था परन्तु हालत बिगड़ने पर परिजन दिल्ली



ले गये थे। जहां 11 दिन मौत से जूझने के बाद इकरा ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वह तीन बहनों व दो भाईयों में सबसे बड़ी थी। आरोपी बाइक सवार अतुल निवासी रहरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# 'अनपढ़ नेता' नाटक ने सभी को गुदगुदाया

## युवाओं के बिना तरक्की नहीं कर सकता देशः रामवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवा महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अनपढ़ नेता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा मां की ममता और झांसी की रानी नामक नाटक पर मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

जेएस हिन्दू पीजी कालेज के द्वितीय युवा महोत्सव के पांचवे दिन छात्र-छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नाटक के माध्यम से अपनी प्रस्तुति पर लोगों को तालिया बजाने को मजबूर कर दिया। इस दौरान अनपढ़ बेटी, डिजिटल एक्शन, मां की ममता, झांकी की रानी आदि पर सभी को काफी गुदगुदाया। निर्णायक मंडल में डा. रश्मि गुप्ता, डा. नवनीत विश्नोई ने सभी को अभिनय की बारीकिया समझाई। हिन्दी विभाग के प्रधानाध्यापक डा. राजीव कुमार के निर्देशन में निबंधन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने विकसित भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका पर अंग्रेजी विषय में निबंध लिखा। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा




कि युवाओं के बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता। गोकुलदास कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चारू महरोत्रा ने कहा कि युवाओं पर ही वर्तमान और भविष्य की जिम्मेदारी होती है। उन्हें रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिये। छात्र चिंटू गुर्जर की टीम ने देश भक्ति रागिनी सुनाकर कार्यक्रम का समा बांधा। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा दहेज का त्यागने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, मंत्री योगेश कुमार जैन, में डा. मौहम्मद तारिक, डा. विशेष कुमार राय, डा. पीयूष कुमार शर्मा, डा. मंजुला शर्म आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर मिर्जा दबीर को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मर्सिया निगार शायर मिर्जा दबीर को उनकी 150वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। शहर के मोहल्ला मजापोता स्थित नवाब मंजिल में आलमी मर्सिया सेंटर और सांस्कृतिक संस्था कारवाने खुलूस के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उनके कार्यों पर रौशनी डाली गई। सैय्यद महबूब हुसैन जैदी ने बताया की 1803 में मिर्जा दबीर का जन्म दिल्ली में हुआ था बाद में आप लखनऊ आ गए थे। मिर्जा दबीर रसाई अदब के सबसे बड़े नामों में से एक है जिन्होंने करबलाई शायरी के हवाले से जो काम किया वो हमेशा याद किया जाता रहेगा। अधिवक्ता एम.इस्लाम आलमी ने कहा कि नौहे और मरसिए के अलावा अपने बहुत शानदार गजले मिर्जा गालिब से मिलती है। प्रोफेसर नाशिर नकवी ने कहा कि दबीर सिर्फ एक शायर ही नहीं बल्कि उर्दू जुबान का एक पिलर थे। जिस पर उर्दू की इमारत खड़ी की गई। अमरोहा से उनका ताल्लुक रहा और वह 1865 में अमरोहा आए और यहां 26 दिन रुके और खास मर्सिया भी लिखा। अमरोहा के मुहर्रम के ऐतिहासिक जुलूस यानी 8 मुहर्रम को दिन भर अमरोहा शहर में पढ़ा जाने वाला मर्सिया जब चले यसरिब से सिब्ते मुस्तफा सुए इराक भी मिर्जा दबीर का लिखा हुआ मर्सिया है। इस दौरान भुवन शर्मा, नवाब मुराद अली खान, इस्तेजाब हुसैन जैदी, रजा तहसीन, सलीम अमरोहवी, हकीम हामिद हसन, अली आबिदी अमरोहवी, जीशान हैदर नकवी, मोहम्मद अली अफजाल, शुजा उल हसन नकवी, इमदाद आबिदी, हुसैन मोहम्मद जान, हसनैन नवाज, इकराम जैदी, महताब हुसैन, शफात हुसैन, अरमान हुसैन, नवाब अरमान, आलमगीर खुसरो आदि मौजूद रहे।

# भाजपा राज में रोजी रोटी को तरसी जनता

## बहू-बेटियां भी नहीं है सुरक्षितः मस्तराम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भाजपा राज में जनता रोजगार, शिक्षा व रोजी रोटी के लिए बुरी तरह परेशान है। बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। अवारा पशु किसानों की फसले बर्बाद कर रहे हैं।

कार्यालय पर सपा की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष मस्तराम सिह यादव ने कहा कि सरकारी अस्पताल, पुलिस, थाने, तहसील भाजपा राज में लूट का अड्डा बने हैं। बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने कहा कि अखिलेश सरकार में जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए 100 डायल शुरू की थी। एम्बूलेंस सेवा से 48 लाख लोग लाभान्वित हुए थे। पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि सपा सरकार में गंभीर बीमारियों में लोगों को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दी। जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने कहा कि सपा राज में 55 लोग निर्धन महिलाओं को पांच हजार रूपये प्रति माह समाजवादी पेंशन का भुगतान किया गया। बैठक में सरफराज अनवर, संतराम सिंह यादव, राधेलाल रघुवंशी, शाहजेब खां, साबिर सैफी, मलखान सिंह, अब्दुल सलाम, महेश यादव, रविपाल चिकारा, असलम शेर खां, नवनीत गोला, चौधरी नसीम अहमद, जोगेन्द्र सिंह, संजय कुमार, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं का देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदानः सहगल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हसनपुर मार्ग पर स्थित उमंग डेयरी लिमिटेड में विचार गोष्ठी का आयोजित हुई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक रजत सहगल ने कहा कि,

**अपनी प्रतिभा व दक्षता पहनाचकर आगे बढ़ें महिलाएं: निधि चौधरी**

आज देश की आधी अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अहम भूमिका है महिलाओं की सकारात्मक सोच से सामाजिक रूप से भी बदलाव हो रहा है। विशिष्ट अतिथि महिला परामर्श केन्द्र (महिला थाना) की प्रभारी निधि चौधरी ने कहा कि महिलाओं



को समान अधिकार, समान अवसर और ससम्मान स्वतंत्रता का पूर्ण अधिकार है। इसमें किसी संदेह की गुंजाइश नहीं है, हमें अपने लिए सिर्फ इतनी सी बात समझनी है कि अपनी प्रतिभा, दक्षता, क्षमता, अभिरुचि और रुझान को पहचानें और आगे बढ़ें। कार्यक्रम प्रबंधक मनोज यादव ने स्पर्श सोशल फाउंडेशन, उमंग डेयरी, जेके पेपर, नाबार्ड, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, क्रिसिल फाउंडेशन के साथ मिलकर महिलाओं को आत्म निर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए चलाईं जा रहीं योजनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि वर्ष 2015 से इस दिशा में हमारा प्रयास लगातार जारी है। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन से अमरदीप पूरी, ऊर्जा अमरोहा स्पर्श एग्रो प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड की निदेशक डॉ.उर्मी गुप्ता, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक बस्ती नीलम यादव, फतेहपुरपुर शाखा प्रबंधक कुमारी अंतिम, क्रिसिल फाउंडेशन से याकूब अली व शिवानी, आजीविका मिशन से कविता, रंजना, कुसुम, सविता, सुनील और स्पर्श टीम से शालिनी, शिव, दिनेश, कृष्ण गोपाल, प्रेमवती, सुमन, अरविंद अंकित, पूजा आदि मौजूद रहे।

# अंडरपास का निर्माण जल्द पूरा करने की मांग

## एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे पर बन रहे अंडरपास को लेकर ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया है।

तहसील क्षेत्र के गाव चक गुलाम अंबिया के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंप दिया।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अंडरपास का निर्माण कार्य अधूरा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से वह इस समस्या को लेकर अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो वे 16 मार्च को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अंडर पास बन जायेगा तो लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के लोग इस रास्ते से गुजरेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी मुख्यमंत्री दरबार में भी अंडरपास का एक शिकायती पत्र सौपा था। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता करीब सौ वर्ष पुराना है। इस मौके पर संजीव कुमार, रोहित गिरी, वीर सिंह, अरविंद सिंह, महिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, महकर सिंह, महेंद्र सिंह, संदीप, बलवीर सिंह, जसराम सिंह, मोहन सिंह, मनोज, हेमराज सिंह प्रधान बिजनौरा आदि मौजूद रहे।



# एफआईआर निरस्त कराने को प्रदर्शन

## नौरंगी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एफआईआर निरस्त करने की मांग की। उन्होने दबंगों पर कार्रवाई को ज्ञापन भी सौंपा।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन सोंपा। जिसमें उन्होने कहा कि दस साल पहले गांव में चकबंदी प्रारम्भ की गयी थी। जिसमें धांधली के चलते चकबंदी आयुक्त लखनऊ द्वारा इसे निरस्त कर दिया गया था। गांव के जगवीर व सुखवीर पुत्र अमर सिंह ने जिन किसानों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया था वह अभी तक नहीं छोड़ा गया है। लगातार कार्रवाई के कारण तीन मार्च को ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़ितों को उक्त



जमीन पर कब्जा दिलाया गया। परन्तु जगवीर व सुखवीर ने षड्यंत्र के तहत कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया जो सरासर झूंठा है। उक्त एफआईआर गाटा संख्या 2229के तहत से करायी गयी है। किसानों ने एफआईआर निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश सिंह, चरन सिंह, सतवीर सिंह, नरेश कुमार, ओमपाल सिह, चमन सिंह, गोलू आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### समाज में फैली बुराईयों को दूर करने में सहयोग दें




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कालेज की प्राचार्य डा. लुबना हामिद ने कहा कि समाज में फैली बुराईयों को दूर करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। कालेज में छात्र-छात्राओं को दहेज मुक्त-नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर बोलते प्राचार्य डा. लुबना हामिद ने कहा कि आज नशे के कारण हजारों परिवार बर्बाद हो चुके है। उन्होंने कहा कि हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिये तथा दूसरो को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि दहेज के कारण समाज में बेटियों पर अत्याचार किये जा रहे है। इसे रोकने के लिये हम सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में डा. नसीम अहमद, कसीम अशरफ, डा. सरिता रानी, डा. महताब आलम, अरमान सिद्दीकी, अतुल कुमार सोनी, डा.रूचि अग्रवाल, अर्चना शर्मा, डा. निकहत नकवी मौजूद रहीं।

### दहेज प्रथा व नशा राष्ट्र निर्माण में बाधा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार को नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में रा०से०योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को दहेज प्रथा, एवं नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलायी गयी। महाविद्यालय के प्रबन्धक अशोक सैनी ने कहा कि दहेज प्रथा एवं नशा राष्ट्र निर्माण में एक बहुत बड़ी बाधा है। प्राचार्य डॉ० अशोक कटारिया ने कहा कि नव युवकों को दहेज एवं नशे की लत को छोड़कर अपनी ऊर्जा को रचनात्मक एवं नवोन्मेषी कार्यों में लगानी चाहिये। उन्होने छात्रों को दहेज न लेने एवं नशा भगाओ देश बचाओं का नारा दिया। सभी विद्यार्थियों से अपने आस पास के लोगो को भी दहेज ने लेने तथा नशे का त्याग करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर रा0से0यो० कार्यक्रम अधिकारी मुशरर्फ खाँ, डॉ० रूपा, चन्द्रमोहन, शिवा, जितेन्द्र सिंह, अवनीश, अर्शी, समरपाल सिंह, निसार अहमद, निशिन सैनी, विजयपाल सैनी, रविन्द्र सिंह आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### लाइन मरम्मत के चलते दिनभर नहीं मिलेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** आज शनिवार को 33 केवीए तेवा लाइन पर जर्जर खंबो को बदलने और खादगूजर फाजलपुर भूमिगत केबल की मरम्मत कार्य के चलते गजरौला क्षेत्र के कुछ मोहल्लों व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगी। एसडीओ ने संबधित क्षेत्र के नागरिकों से विद्युत कटौती के दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भूमिगत केबलमें मरम्मत के चलते नगर के मोहल्ला तिगरिया भूड़, ग्राम कृपानाथपुर, अहरौला तेजवन, चाकीखेड़ा, खाईखेड़ा खादर, शकूराबाद, कर्मल्लीपुर समेत बेस्ट क्रॉप साइंस कंपनी, इंडस टावर लिमिटेड, माइक्रोबेव टेलिफोन एक्सचेंज, बेस्ट एग्रालाइफ, मिनि सोलिड वेस्ट, जगरतन फाइन, होटल ग्रांड प्लाजा समेत केवी उपकेन्द्र खादगूजर से संचालित सभी गांवो में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। एसडीओ ने संबधित क्षेत्र के नागरिकों से विद्युत कटौती के दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# निर्माणाधीन ओवरहैड टैंक की सीढ़ियां गिरी

## निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ब्लॉक के गांव झुंडी माफी में स्वच्छ जल जीवन मिशन के तहत बनाये जा रहे ओवरहेड टैंक की सीढ़ियां शुक्रवार को गिर गईं। यह घटना टैंक के निर्माण के तुरंत बाद सीढ़ियों के निर्माण के दौरान हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किये जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ओवरहेड टैंक का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। सीढ़ियों का गिरना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है। ग्रामीण राम सिंह, मुकेश, रामवीर, खजान, प्यार, सुरेंद्र, जयचंद, जितेंद्र, दिनेश, डालचंद और संजय सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों से मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की है। यह घटना जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# किसान आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाए

## भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने किसान आरक्षण लागू करने व गन्ना मूल्य पांच सौ रूपये प्रति कुंतल किये जाने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंप मांग करते कहा कि किसानों के हितों को देखते हुए किसान आरक्षण लागू किया जाये। गन्ना मूल्य कम से कम 500 रूपये घोषित हो। सम्मान निधि योजना का लाभ सभी किसानों को नहीं मिल रहा है सर्वे कराकर किसानों तक इस योजना को पहुंचाया जाये। कैम्प लगाकर केवाईसी करायी जाये। साठ वर्ष से अधिक उम्र के सभी किसानों को पेंशन की व्यवस्था हो। बिजली विभाग द्वारा चैकिंग के नाम पर किसानों का जो शोषण किया जा रहा है उस पर रोक लगे। जिलें में बड़े पैमाने पर डग्गामार वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं। जबकि ई रिक्शा से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इन समस्याओं का निदान किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में सुमित कुमार, जय सिंह, चन्द्रपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, मुमताज, बाबूराम, सरोत्तम शर्मा, पप्पू कश्यप, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# फील्ड इंचार्ज के समर्थन में भाकियू का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि अमूल डेयरी के फील्ड इंचार्ज मोहित कुमार ने अपनी ड्यूटी के दौरान लैब इंचार्ज की कोई वीडियो बना ली और अधिकारियों से शिकायत कर दी। अधिकारियों ने शिकायत मिलने के बाद भी कोई कार्यवाही न करकर मोहित को ही घर जाने की बात कह दी। जब इसकी जानकारी दो दो वाहन चालकों को हुई तो दूध वाहन चालकों ने भी अपने वाहन की चाबियां प्लांट में जमा करने की चेतावनी दे दी और भारतीय किसान यूनियन से समर्थन मांगा। प्रदर्शन के दौरान जिला प्रवक्ता नरेश कुमार की अमूल डेयरी को एचडी सी सिंह से दूरभाष पर वार्ता हुई उन्होंने किसानों को उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया जिस पर किसानों का प्रदर्शन समाप्त हो गया। इस दौरान डूंगर सिंह, कपिल प्रधान, प्रदीप कुमार, कलवा खा, जावेद मलिक, जुल्फिकार मलिक, रियासत, विकास, लवी, सतपाल, नवीन, सतीश, सोनी, शिवम आदि मौजूद रहे। इस बाबत दुरभाष पर हुई वार्ता में ओएसडी एसबी सिंह ने बताया कि किसानों की जो भी समस्या है उनका समाधान कराया जाएगा, किसी फील्ड इंचार्ज को नही हटाया गया हैं और ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में भी नही है किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान कराया जाएगा

### छात्रों को लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** लाइब्रेरी से घर जा रहे छात्र से रास्ते में रोक कर गालीगलौज व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव चोहड़पुर बगद निवासी विपिन कुमार का आरोप है कि गुरुवार को वह लाइब्रेरी से पढ़ाई कर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर वापस जा रहा था। जब वह रास्ते में बाघ के पास पहुंचा तो गांव के ही अनुज व वरुण ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह चोटित हो गया। विभिन्न शोर मचाया तो गांव के भी लोग आ गए भीड़ को देखकर मारपीट करने वाले जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ठेकेदार ने किया रेलवे की भूमि पर कब्जे का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल डिवीजन के वरिष्ठ खंड अभियंता चांदपुर स्याऊ ने उपजिलाधिकारी को पत्राचार कर नगर पालिका मंडी धनौरा के ठेकेदार द्वारा रेलवे भूमि में खड़ी दीवार को तोड़ने व रेलवे भूमि में बिना अनुमति के मटेरियल डालने के मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वरिष्ठ खंड अभियंता रेलवे द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मंडी धनौरा रेलवे स्टेशन के पास नगर पालिका द्वारा पेवर ब्लॉक्स बेचने का काम कराया जा रहा है जिसमें नगर पालिका ठेकेदार द्वारा रेलवे कॉलोनी के समीप रेलवे भूमि की खाड़ी दीवार को बिना रेलवे अनुमति के तोड़ दिया गया है और रेलवे भूमि में अपना मटेरियल भी डाला हैं। जिससे रेलवे को राजस्व की हानि हुई है। रेलवे ने उप जिलाधिकारी को पत्राचार कर उनके स्तर से कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने इस मामले में ईओ को जांच के निर्देश दिए हैं। एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि इस मामले में अधिशासी अधिकारी मंडी धनौरा को जांच के निर्देश दिए गए है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम सम्पन्न, जनपद के 227 जोड़ों का हुआ विवाह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत शुक्रवार को दातागंज रोड स्थित एच0पी0 इंस्टीट्यूट के ग्राउंड एवं विकासखंड मुख्यालय समरेर तथा विकासखंड मुख्यालय उसावा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जनपद बदायूं में कुल 162 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें 12 मुस्लिम एवं 31 बौद्ध जोड़े सम्मिलित हुए। जनपद बदायूं स्थित कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा समरेर ब्लॉक मुख्यालय पर 33 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 32 हिंदू और 01 मुस्लिम जोड़ा सम्मिलित हुए। विकासखंड मुख्यालय उसावां में 32 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें सभी हिंदू जोड़े सम्मिलित हुए। जनपद बदायूं में सदर विधायक एवं उनकी समिति हरि बोल द्वारा समस्त जोड़ों को हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट किया गया। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें प्रत्येक जोड़े पर सरकार द्वारा 51 हजार रुपए की धनराशि व्यय की जाती है। योजना में पूरी तरह से ऑनलाइन आवेदन किए जाते हैं और पूरी पारदर्शिता के साथ जोड़ों का चयन किया जाता है इसके साथ-साथ जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित जोड़ों को शुभकामनाएं व्यक्त की गई।

मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सास बहू मिलजुल कर रहे, यदि बहू से कोई गलती हो जाती है तो सासु मां उसे क्षमा करें। गृहस्थी को पूरे मनोयोग से संचालित करें। हेलमेट भेंट करते हुए कहा यह आपको मैं जीवन रक्षा कवच भेंट कर रहा हूं। इसके लिए आप सभी लोग प्रयोग करें और दुर्घटनाओं से बचें। दातागंज विधायक राजीव सिंह ने कहा कि गृहस्थी दो गाड़ी के पहिए है और इनमें संतुलन होना बहुत ही आवश्यक है। आप सब लोगों से मैं अपील करता हूं कि गृहस्थी का संचालन समझदारी एवं संतुलन के साथ करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, जिला उपाध्यक्ष, दुर्गेश वाष्णेय जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव युवा भाजपा नेता विश्वजीत गुप्ता मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा मौजूद रहे। विकासखंड मुख्यालय समरेर में दातागंज विधायक राजीव सिंह ब्लॉक प्रमुख दातागंज अतेंद्र विक्रम ब्लॉक प्रमुख समरेर उपस्थित रहे। विकासखंड मुख्यालय उसावा में ब्लॉक प्रमुख उसावा, दातागंज विधायक राजीव सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन महाराज सिंह समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

# उज्जैन में बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए साहित्यकार राजवीर सिंह तरंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान का द्वितीय दीक्षांत समारोह मौन तीर्थपीठ के पीठाधीश्वर एवं श्री निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 मानस भूषण डॉक्टर सुमनानंद गिरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर 25 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान ने इस अवसर पर छंद साहित्य की सेवा कर रहे सम्पूर्ण भारतवर्ष से आमंत्रित पटल प्रेरक, पटल प्रमुख व पटल साधकों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



इसी क्रम में बदायूँ जनपद से आमंत्रित पटल प्रमुख राजवीर सिंह शतरंगश को महालय द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासा छंद महालय साहित्य का एक बेहद अनुशासित मंच है जिसकी स्थापना सन 2019 को की गई। थी यह एक पंजीकृत संस्था है। बिलासा छंद महालय में प्रतिवर्ष 70 छंद पटल गुरु होते हैं जो की पूर्व सत्रों से पूर्णता प्रशिक्षित होते हैं जो अपने-अपने पटल पर छंद कक्षाओं का नियमित संचालन करते हैं। इस संस्था का उद्देश्य भारतीय पुरातन छंदों का संग्रहण एवं नवीन प्रसारित छंदों का प्रकाशन एवं उनकी वृद्धि करना है। इस संस्था द्वारा कई विश्व स्तरीय छंद ग्रंथों का निर्माण किया जा चुका है। बदायूँ जनपद के प्रसिद्ध साहित्यकार राजवीर सिंह तरंग को इस बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह में पटल गुरु व पटल प्रमुख की सेवाओं के लिए संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके शिष्यों द्वारा भी इन्हें शाल ओढ़ाकर व भेंट देकर सम्मानित किया गया।

# बदायूं में किशोरी को भगा ले गया युवक



**अजीत कुमार शर्मा, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** कुंवर गांव बुआ के घर आया युवक नाबालिग किशोरी किशोरी बहला-फुसलाकर भगा ले गया किशोरी के पिता ने थाने तहरीर दी है पुलिस युवक की तलाश कर रही है। घटना कुंवर गांव थाना क्षेत्र के एक गांव की है पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि उसकी पुत्री घर पर थी घटना वृहस्पतिवार शाम करीब छ: बजे की है युवक 15 वर्षिय पुत्री को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया युवक वृहस्पतिवार दोपहर अपनी बुआ के घर आया था वह अक्सर अपनी बुआ के घर आता जाता था।तभी से युवती से संबंध हो गए। पिता ने थाने में तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी की मांग की है पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## पीएनबी ने लगाया मेगा ऋण मुक्ति शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मेगा ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े व डिफाल्टर लोनियों को विशेष छूट दी गई। शुक्रवार को नगर की पंजाब नेशनल बैंक परिसर पर आयोजित मेगा ऋण मुक्ति शिविर लगाया गया। जिसमें बिसौली, आसफपुर, ओरछी, वजीरगंज, रानेट, रुदायन, इस्लामनगर आदि शाखाओं से आए हुए ऋणियों की समस्याओं को सुनकर तथा छूट प्रदान करके मौके पर ही उनके गैर निष्पादित ष्एनपीएष हो चुके खातों में बसूली की गई। शिविर में आधा दर्जन से अधिक खातों के समझौता प्रस्ताव मंजूर किए गए। शाखा प्रबंधक वीनेश कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंकों में एनपीए की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में बैंकों में एनपीए बढ़ता है, तो लोगों को ऋण मिलने में कठिनाई होती है। इस दौरान बैंक शाखा प्रबंधक वीनेश कुमार, अभिनव गुप्ता, अंकित गंगवार, श्यामवीर सिंह, लोकेश यादव, रौनक वर्मा, शशांक वर्मा, कमलेश झा, विकास, दिनेश, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# 09 मार्च से होगा विश्व ग्लोकोमा सप्ताह प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 09 से 15 मार्च 2025 तक 15 वां विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष ग्लूकोमा सप्ताह कर थीम ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना है।

उन्होंने बताया कि इस ग्लूकोमा सप्ताह में मुख्य रूप से विभिन्न विषयों पर विशेष बल व समायोजन कर मनाया जाना है, जिससे कि प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से ग्लूकोमा रोग की रोकथाम हेतु जनपद में जागरूकता फैलाई जा सके ताकि रोग का प्रारम्भिक स्टेज में ही पता कर समुचित इलाज किया जा सकें। उन्होंने इसके संकेत और लक्षण के बारे में बताया कि दृष्टि के चोर के रूप में जाना जाने वाला काला मोतिया (ग्लूकोमा), नेत्र की दृष्टि के लिए खतरा पैदा करने वाला रोग है। यह सामान्यत: 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, विशेषकर ऐसे लोगों को होता है, जिसके परिवार में काला मोतिया (ग्लूकोमा) का इतिहास रहा होता है। साइड विजन में धीरे-धीरे कमी होना और दृष्टि क्षेत्र सीमित होना। प्रकाश के स्रोत के चारों ओर संगीन घेरे दिखाई पड़ना।

चश्मे का नम्बर जल्द-जल्द बदलना आदि है। उन्होंने इसकी रोकथाम के बारे में बताया कि काला मोतिया (ग्लूकोमा) को रोका नहीं जा सकता लेकिन यदि इसका शुरू में पता लग जाए और समुचित एवं नियमित इलाज हो तो ग्लूकोमा के कारण होने वाली दृष्टि-हीनता से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि काला मोतिया (ग्लूकोमा) एवं अन्य नेत्र रोग से सम्बन्धित इलाज हेतु अपने नजदीकी राजकीय नेत्र चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श उपरान्त नि:शुल्क उपचार करायें।

# 8 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने जानकारी देते बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप 08 मार्च 2025 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, मनोज कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायू शिव कुमारी ने बताया कि दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति के लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएँ, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन०आई०एक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है। उन्होंने इस सन्दर्भ में जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगणों से अनुरोध किया है कि ये अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवाकर दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# यूपी बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई बसई में शुक्रवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में निष्पक्ष, नकलविहीन तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा से पूर्व विद्यालय के मुख्य गेट पर सुधाकर शर्मा, मनोज कुमार, रेनू कुमारी द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा गया। परीक्षा इंचार्ज हरदीप सिंह के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय के 419 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होना था जिसमें 49 परीक्षार्थी परीक्षा से नदारद रहे। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास ने कहा की शासन की मंशारूप शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा की छात्रों के हितों को ध्यान रखते हुए अच्छे वातावरण में परीक्षाएं सम्पन्न करायी जा रही हैं। केन्द्र पर बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक राम विलास, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदेश कुमार अवर अभियन्ता सिंचाई विभाग, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित पाराशरी आदि ड्यूटी पर रहे। केन्द्र पर भारी पुलिस बल तैनात रहा

# 7 मार्च को पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आवाह्न पर नगर कांग्रेस कमेटी उझानी के अध्यक्ष अरुण पाराशर के नेतृत्व में परपटागंज गांव में नगर पालिका परिषद उझानी द्वारा शहर उझानी का कूड़ा कर्कट डाला जा रहा है जिससे वहां के ग्रामीणजन परेशान है और आंदोलित है। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। ज्ञापन के माध्यम से नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण पाराशर ने कहा कि हम सब लोग उझानी नगर के वासी हैं यह सत्यता है शहर की गलियों व घरों से कूड़ा कर्कट उठाना नगरपालिका का दायित्व है परंतु यह भी गलत है कि शहर से उठा कर परपटागंज गांव में डाल दिया जाये उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद उझानी को डंपिंग ग्राउंड लेकर उसमें कूड़ा कर्कट डाला जाना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव और ब्लॉक उझानी के प्रभारी वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि नगर पालिका परिषद उझानी को शहर उझानी का कूड़ा कर्कट परपटागंज गांव में नहीं पड़ना चाहिए उन्होंने कहा कि इस को रोकने की कार्रवाई होनी चाहिए और कृत्य कार्यवाही से अवगत कराया जाए। ज्ञापन लेते हुए उझानी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने कहा हमने डंपिंग ग्राउंड खरीदा है और उसमें ही कूड़ा कर्कट पड़ता है, जिस का प्रमाणिक पत्र हम कांग्रेस को देंगे। धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस सचिव मुजाहिद अली, डॉक्टर खलील खान, नरेंद्र सिंह, प्रशांत भूषण, नरेश कुमार, कुशल पाल, रमेश कुमार, निशांत कुमार आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला वोट बैंक पर सियासी घमासान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत की राजनीति में महिला वोटर्स को लुभाने के लिए हर चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। नई योजनाओं की घोषणाएं होती हैं, लेकिन चुनाव बीतने के बाद इनमें से ज्यादातर योजनाएं कागजी विकास बनकर रह जाती हैं। यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भी यही खेल शुरू हो चुका है।

राजनीति में महिलाओं को माँ, बेटी, बहन कहकर जोड़ा जाता है, लेकिन असल में उनके मुद्दों पर ठोस काम कम होता है। वोट साधने के बाद इन्ही माँ, बेटी, बहन के साथ जब रेप जैसी घटना घटती हैं। तो रणनेता के हाथो से ये सारे रिश्ते छूटते हुए नजर आते हैं।महिला वोट बैंक, चुनावी राजनीति, नेताओं के वादे 'मेरी कलम सच की स्याही' – राजनीति के हर वादे की सच्चाई आपके सामने निष्पक्ष पत्रकारिता को सपोर्ट करें – फॉलो करें, शेयर करें और अपनी राय देकर सच्चाई की इस मुहिम का हिस्सा बने।

# सिद्ध बाबा इंटर कालेज में अंग्रेजी की परीक्षा हुई शांतिपूर्ण संम्पन्न

**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**नरैनी।** बदायूं-सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में शुक्रवार को यूपी बोर्ड की हाई स्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा सीसीटीवी केमरों की निगरानी में निष्पक्ष, नकलविहीन तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।परीक्षा से पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर नीरज चौहान, विपलव भारती, रामौतार मौर्य, द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गयी।



परीक्षा प्रभारी राजकुमार शर्मा के अनुसार प्रथम पाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 563 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 36 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ नरेश चन्द ने कहा की शासन की मंशारूप नकलमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केन्द्र पर बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक अफजाल खान, स्टेटिक मजिस्ट्रेट रामसमुझ वर्मा सहकारिता विभाग, कम्प्यूटर ऑपरेटर अश्वनी शर्मा आदि ड्यूटी पर रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना प्रभारी कमलेश मिश्रा सहित केन्द्र पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# बड़े बकायेदारों की खैर नहीं, तहसील प्रशासन ने चलाया वसूली अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरकारी बैंकों से कर्जा लेकर जमा न करने वाले डिफाल्टर बकायादारों के खिलाफ तहसील प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस दौरान दस लाख रुपए से बड़े खातेदारों के विरुद्ध राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। गुरुवार को तहसील प्रशासन एवं प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव के नेतृत्व में सुजानपुर, सिद्धपुर, एपुरा एवं बीरमपुर आदि गांवों में बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली अभियान चलाया गया। यादव ने बड़े बकायादारों को एक सप्ताह में बकाया जमा करने अन्यथा की स्थिति में गिरफ्तारी व कुर्की की सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इस दौरान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा बिसौली के मैनेजर अलग जायसवाल, अमीन कुंवर, अनुसेवक ओमवीर आदि उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** नवजीवन वृद्धाश्रम, कछला, जनपद बदायूं में निरीक्षण / विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है, उक्त शिविर में नवजीवन वृद्धाश्रम, कछला जनपद बदायूं में संवासित वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों के वारे में जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालनकर्ता से पूछताछ की गयी तथा साथ ही साफ-सफाई ठीक प्रकार नहीं पायी गयी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा नवजीवन वृद्धाश्रम, कछला, जनपद बदायूं के संचालनकर्ता को साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, नवजीवन वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रबन्धक अभिनव कुमार एवं जगदीश, देखभालकर्ता, राजवाला, रसोईया, पूनम रसोईया, नमिता माथुर, विवेक कुमार देखभालकर्ता, सोनू, सफाईकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# गौवंशीय पशुओं की हत्या करने वाले 5 गौकश गिरफ्तार

**पुरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस द्वारा गौवंशीय पशुओं की हत्या करने वाले 5 गोकशों को घटना में प्रयुक्त उपकरण सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान फत्तेपुर जंगल के पास से बिलाल खाँ पुत्र हामिद रजा निवासी ग्राम हरीपुर कला थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत, जमीलू खाँ पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम धनेगा थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत, जकील खाँ पुत्र जैनुल्ला खाँ उर्फ चैनू निवासी ग्राम केसरपुर कला थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत, हसमुल्ला पुत्र हकीमुल्ला निवासीगण ग्राम मंगतपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत व रफीक पुत्र साबिर निवासी ग्राम गोहर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत को गोवंशीय पशुओं की हत्या में प्रयुक्त उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपने जुर्म से इकबाल करते हुए बताया कि तीन मार्च को दोपहर के समय हम लोग छोटा पुत्र दरोगी निवासी ग्राम मोहराई थाना सेहरामऊ उत्तरी व बिलाल एवं रफीक के साथ ग्राम हरियापुर में बैल को खरीदने के बहाने गए थे, वहां पर बैल देखा बैल काफी बड़ा था। उस समय हम लोग वापस छोटे के घर ग्राम मोहराई में आ गये। वहाँ पर हमने जकील व हसमुल्ला तथा जमीलू के साथ रात्रि में बैल को चोरी करने की योजना बनायी। हम लोग छोटे के साथ समय करीब 11 बजे हरियापुर गये गाँव में बैल को छोटे, बिलाल व रफीक के द्वारा खोल लिया गया तथा बैल के गले में जो घण्टी बन्धी थी उसे छोटे ने खोलकर रफीक को दे दिया, फिर बैल को लेकर खेतों-खेतों होते हुए धनेगा के पास आ गये वहाँ पर जमीलू खाँ व जकील व हसमुल्ला भी मिल गये फिर हम सभी लोगों ने बैल को धनेगा एवं मंगतपुर गाँव के खेतों में ले जाकर पैर बाँधकर उसका वध कर दिया।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## डीएम ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण देखी व्यवस्थाएं

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी, मशीनों के रख रखाव की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव ईश्वर दयाल पासवान, उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी मो रागिव, आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव संजय कुमार, सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

# बोर्ड बैठक में नगर विकास पर चर्चा कई प्रस्ताव पास




**पूरनपुर।** नगर पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक आहूत की गयी जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने की। बैठक में रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह नगर पालिका एवं रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित किए जाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही पालिका अध्यक्ष की अनुमति से डिजिटल लाइब्रेरी स्टडी सेंटर, बच्चों के लिए पार्क, शमशान घाट बंडा रोड, शेरपुर रोड एवं पीलीभीत रोड निकट पंचम दास इंटर कॉलेज का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण, नगर क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरा व्यवस्था, इंडोर गेम व नगर के मुख्य –मुख्य चौराहों पर एलईडी वॉल स्क्रीन, मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण, इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग पॉइंट व्यवस्था, नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर डेकोरेटिव पोल लगाने का कार्य, ऊपरी तल पर बनी नगर पालिका की दुकानों की नीलामी पर विचार किया गया जो कि होली के पश्चात कराई जानी सुनिश्चित की गयी है। आवारा पशुओं की नसबंदी का कार्य एवं नरेश किराना स्टोर से कपिल किराना स्टोर तक आरसीसी डिवाइडर का कार्य प्रस्तावित किया गया। सारे प्रस्ताव सदन द्वारा सर्व सम्मति से पास किये गए। इस दौरान अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, उपजिला. धिकारी /अधिशासी अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, लेखाकार दिनेश कुमार भारती, सभासद विकास गुप्ता, सौरभ सक्सेना, सूरज बाथम, अनुज कुमार गुप्ता, सुशील कुमार गुप्ता, रोहित मिश्रा, उदित सिंह, राजेश कुमार, नादिर रज़ा बरकाती, आसिम रज़ा, मुन्नी बेगम, मो. मियां, नेहा, नुसरत परवीन, शाहजहाँ बेगम, सूबेजहाँ बेगम, गौरव कुमार जायसवाल, उर्मिला देवी, दिनेश कुमार, विनीत यादव, राजो देवी, शराफत अली, मो. शरीफ, नगर पालिका से दुर्वेश कुमार, रामशंकर श्रीवास्तव एवं समस्त नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस से भिड़ा संचालक, गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान देर रात डीजे बजने से विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। डीजे वाले पुलिस के समझाने पर उलझ रहे हैं। मिनी बाईपास पर देर रात तक डीजे बजाने पर जब थाना इज्जतनगर पुलिस ने परीक्षा का हवाला देकर बंद करने को कहा तो संचालक पुलिस से मारपीट पर उतारू हो गया।

पुलिस ने डीजे संचालक प्रेमनगर के जाटवपुरा निवासी नितिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया और डीजे भी जब्त कर लिया। वहीं उसका साथी फरार हो गया। दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने सिविल लाइंस में देर रात तक डीजे बजाने पर दो लोगों को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी विजेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम बुधवार देर रात गश्त कर रही थी। इस दौरान मिनी बाईपास पर करीब 1:30 बजे निर्मल रिसॉर्ट में तेज आवाज में डीजे पर फिल्मी गाने बजाए जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डीजे को बंद करा दिया और कहा कि हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और इससे छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है। इसके बाद संचालक डीजे को दोबारा से तेज आवाज में बजाने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपी डीजे संचालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो साउंड बाक्स समेत अन्य सामान बरामद कर लिया। मौके से उसका साथी शिवम फरार हो गया।

## सहेली से परेशान होकर महिला ने की थी आत्महत्या

■ पति की शिकायत पर मुकदमा हुआ दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी टेलर महिला ने गुरुवार शाम को अपने घर में दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पति की शिकायत पर पुलिस ने मृतका की सहेली और उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों के खिलाफ महिला को परेशान करने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने का मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बंजरिया निवासी राजकुमार सिंह पुत्र मोरपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि पिछले दो वर्ष से उसकी



पत्नी स्वाति सिंह को उसकी सहेली ज्योति पुत्री छत्रपाल सिंह अपने साथ रहने को मजबूर कर रही थी, जिसमें ज्योति के परिवार की शकुंतला देवी, खुशबू निवासी बंजरिया तथा सुमन निवासी मोहदीपुर थाना शेरगढ़ भी साथ देते थे। आरोप है उक्त ज्योति राजकुमार सिंह के नौकरी पर जाने के बाद स्वाति सिंह को बुलाकर अपने घर ले जाती थी तथा पति से अलग रहने को मजबूर करती थी। उसने महिला का मोबाइल भी गायब कर दिया था। महिला पति से अलग रहने को मना करती तो वह उसके साथ मारपीट करते थे। स्वाति को ज्योति से लगाव हो गया था, जिसका वह नाजायज फायदा उठाती थी। इससे तंग आकर गुरुवार को स्वाति सिंह ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। मृतका का पति राजकुमार रुद्रपुर में प्राइवेट नौकरी करता है। गुरुवार शाम को जब वह नौकरी से लौटा तो उसकी पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। पीड़ित पति ने तुरन्त चौकी बंजरिया पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज कर मामले की जांच शुरू की थी। मृतका के पति राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने ज्योति, शकुंतला देवी, खुशबू और सुमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लाखों की स्मैक के साथ बहेड़ी के दो स्मैक तस्करों को उत्तराखण्ड पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** लाखों रुपये की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मैक तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

उत्तराखण्ड के किच्छा थाने के कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि नशा विरोधी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस टीम एवं एसटीएफ की टीम संयुक्त रूप से आजाद नगर से पंतपुरा नौडांडी को जाने वाली सड़क पर शिव मन्दिर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाए हुए थी कि दो व्यक्तियों के संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए उनकी तलाशी ली गई तो



दोनों संदिग्ध के कब्जे से क्रमशः 126 ग्राम एवं 136 ग्राम अवैध स्मैक कुल 262 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में स्मैक तस्करों ने अपने नाम चमन बाबू पुत्र नेमचंद निवासी ग्राम राय नवादा थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया, एवं दूसरे स्मैक तस्कर ने मोहम्मद शादाब अंसारी पुत्र मोहम्मद यूनुस अंसारी निवासी मुंडिया देवरनियां थाना देवरनियां जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों स्मैक तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। पुलिस टीम में प्रशिक्षु आईपीएस निशा यादव, निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश शर्मा, उपरीक्षक हेमचंद्र तिवारी, चौकी प्रभारी दरऊ, उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) अपर उप निरीक्षक जगबीर शरण (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान (एएनटीएफ कुमाऊं रेंज) कांस्टेबल उमेश सिंह थे।

## महिलाओं के बिना बेरंग है हमारा समाजः नीतू कनौजिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कहा जाता है कि औरत का अपना कोई घर नहीं होता, बल्कि सच्चाई तो यह है कि औरत के बिना कोई घर नहीं। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के बिना कोई भी काम चलाना संभव नहीं है। चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, पॉलिटिक्स हो, युद्ध का क्षेत्र हो या कोई भी कोई अन्य क्षेत्र महिलाओं ने हर जगह अपना विशेष स्थान स्थापित किया है। इन्वर्टिस विश्व. विद्यालय के पत्रकारिता विभाग के वूमेंस एंड जेंडर स्ट्डीज के छात्रों की ओर से महिला दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यान आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.



पत्रकारिता विभाग की ओर से हुआ महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

उमेश गौतम व कार्यकारी निर्देशक पार्थ गौतम के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं नीतू कनौजिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि महिलाओं के बिना दुनिया बेरंग है। क्योंकि महिलाएं ही हमारे समाज का आधार है। महिलाओं के लिए प्रेम और समर्पण ही घर का आधार होता है। महिलाओं को परिवार से ऊपर किसी को भी नहीं रखना चाहिए। महिलाओं की उन्नति में परिवार का समर्थन मिलना बेहद जरूरी हैं। आगे उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल तकनीक के जरिए जिस तरीके से बदलाव देखने का मिल रहा है। वह कहीं न कहीं एक पीढ़ी में तेजी से परिवर्तन लाने में मदद भी कर रहा है।

वहीं पत्रकारिता विभाग डीन प्रोफेसर राजेश शर्मा ने महिलाओं की समाज में बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को अन्य परिवार की महिलाओं से ठीक उसी प्रकार का व्यवहार करना चाहिए, जैसे हम घर परिवार में अपनी मां बहन को आदर देते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. ललित कुमार ने बताया कि देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का याद किया जाना बेहद जरूरी है। क्योंकि उन्होंने महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला और महिलाओं के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़कर उनको चारद. ीवारियों से बाहर निकालने में उनकी एक बड़ी भूमिका रही। जिसके लिए उनको जीवन में बहुत-सी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा।

इस मौके पर संचार प्रोफेशनल विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रुबिना वर्मा, कृषि विभाग डीन प्रोफेसर एसएस त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर बुशरा खानम, मीडिया लैब सहायक प्रतीक जायसवाल सहित विभाग के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन पत्रका. रिता विभाग के अंतिम वर्ष की छात्रा अलिया नासिर और उन्नति पाण्डेय ने किया।

### एक नजर

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की हुई मौत, नहीं हो सकी पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की हुई मौत नहीं हो सकी पहचान पुलिस ने पंचनामा भरकर मोर्चारी के लिए भेजा।



मिली जानकारी के अनुसार भिटौरा स्टेशन से पश्चिमी की तरफ खरकपुर गांव के पास ट्रेन की अप लाइन पर एक बुजुर्ग व्यक्ति उम्र लगभग 65 वर्ष की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब कब्जे मे लेकर आसपास के लोगो से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को मोर्चारी बरेली मे रखवा दिया है। मृतक ब्राउन कलर की इनर सफेद पायजामा सफेद जूते पहने हुये था। पटरी के पास से एक सफेद लोई एक डंडा भी पुलिस को मिला है।

## नगर में खुली न्यू बाबू भाई गारमेंट्स शॉप

**शाह टाइम्स संवाददाती**

**बहेड़ी।** नगर के नैनीताल रोड स्थित रशीद मार्केट में खुली न्यू बाबू भाई गारमेंट्स का पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजुम रशीद ने फीता काटकर उद्घघाटन किया। दुकान के उद्धघाटन के मौके पर वहां पहुंचे लोगों को जलपान कराकर मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर दुकान के प्रॉपराईटर ने बताया कि उनकी दुकान पर बच्चे के कपड़े से लेकर बड़ों के कपड़े मिलेंगे। उन्होंने उद्घघाटन के मौके पर पहुंचे लोगों का शुक्रिया अदा किया।



पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजुम रशीद ने फीता काटकर दुकान का किया उद्घाटन

## तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

तस्कर पिता-पुत्र से दोस्ती निभाने में फंसे

**बरेली।** शहामतगंज चौकी क्षेत्र के गंगापुर निवासी मादक पदार्थों के तस्कर कल्लू उर्फ दिनेश राजपूत के साथ दोस्ती निभाने के आरोप में एसएसपी ने थाना बारादरी के तीन पुलिसकर्मियों मुख्य आरक्षी मोहम्मद असलम, पंकज पाठक और विवेक कुमार को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई कर एसएसपी ने एसपी साउथ अंशिका वर्मा को जांच सौंपी है।

बता दें कि गंगापुर का रहने वाला कल्लू उर्फ दिनेश राजपूत लंबे समय से सुभाषनगर के गांव बिरिया नरायनपुर निवासी अरविंद और भोजीपुरा के कंचनपुर से बड़ी मात्रा में गुड़ से बनी शराब लेकर आता था। इसके अलावा चरस और गांजा उत्तराखंड के हल्द्वानी से मंगवाकर गंगापुर क्षेत्र में सप्लाई करता था। कल्लू उर्फ दिनेश राजपूत के खिलाफ थाना बारादरी में 13 मुकदमे और उसके बेटे निखिल के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं। एसओजी ने गोपनीय सूचना पर पिता-पुत्र को एक दिन पहले गिरफ्तार कर थाना इज्जतनगर पुलिस को सौंपा था। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। पुलिस सूत्रों की माने तो गंगापुर में स्मैक तस्करी से लेकर शराब तस्करी जोरों पर की जा रही है। यहां सट्टेबाजों का अखाड़ा बना हुआ है। इन सट्टेबाजों का नेटवर्क इतना तगड़ा है कि अगर थाना पुलिस थाने से निकलती है तो इन तक सूचना आ जाती है और सभी मौके से फरार हो जाते हैं। सट्टा लगाने वाले लोगों के मोबाइल फोन को सट्टेबाजों के गुर्गे मोबाइल जमा करा लेते हैं। साथ ही स्मैक तस्करी में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। अभी हाल ही में बारादरी पुलिस ने एक महिला को स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भी भेजी थी।

## बिना लाइसेंस पनीर और मावा बनाने पर गोदाम किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** होली नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी तेज हो गई है। जिले में किस प्रकार खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल चल रहा है, इसका खुलासा बृहस्पतिवार को हुआ, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीमों ने जिले के कई ब्लॉक और शहर के सुभाष नगर में अभियान चलाया। एक गोदाम में बिना लाइसेंस के दूध से पनीर, मावा समेत अन्य उत्पाद बनाए जा रहे थे, जिस पर टीम ने गोदाम को सील कर दिया। वहीं, सैकड़ों किलो ग्राम मिलावटी रिफाइंड, तेल को नष्ट कराया। अलग-अलग जगहों से पनीर, दूध, मावा आदि खाद्य पदार्थों के 19 नमूने लिए। जिन्हें लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। एफएसडीए के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि सुभाष नगर के मेसर्स गुप्ता जी मिल्क प्रोडक्ट से खोया, मिश्रित दूध, पनीर और दही का नमूना लिया गया। वहीं यह निर्माण इकाई बिना खाद्य लाइसेंस के चल रही थी। इस पर प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक के लिए बंद करा दिया गया है। वहीं, आंवला के पक्का कटरा में मेसस ओम ट्रेडर्स से राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रहित करने के साथ 108 टिन (1618 लीटर) राइस ब्रान ऑयल, जिसकी कीमत लगभग 20225 रुपये, मस्टर्ड ऑयल 700 किलो ग्राम, अनुमानित मूल्य 88980 और 206 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, अनुमानित मूल्य 25720 रुपये जब्त कर सीज किया गया।

## जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

■ ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा । इसी को लेकर नगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस बल की तैनाती की गई।

इस साल होली शुक्रवार को पड़ रही है प्रदेश सरकार की ओर से सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जुमा की नमाज को देखते हुए जिले में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। जुमे की नमाज के दौरान जामा मस्जिद हुसैनी मस्जिद गौसिया मस्जिद सहित सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के



ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, एसएसआई विश्वदेव सिंह, चौकी प्रभारी बलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल इरशाद सरवर, हिमांशु तोमर दल वल के साथ मुस्तैद रहे।

## महिला दिवस पर हुआ संवाद कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर बरेली में किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत बरेली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पा पाण्डेय सदस्या उ.प्र. राज्य महिला आयोग लखनऊ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मोनिका राणा जिला प्रोब. ेशन अधिकारी बरेली, चंचल गंगवार केन्द्र प्रशासक, रिंकी सैनी जिला मिशन कोआर्डिनेटर, स्वैच्छिक संगठनों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में रश्मि पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत बरेली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पा पाण्डेय सदस्या उ.प्र. राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा द्वीप



प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को लाइव प्लांट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली द्वारा विभाग के अन्तर्गत संचा. लित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत लाभान्वित बच्चों में से उन बच्चों जो कक्षा-9 या इससे ऊपर की कक्षा में अध्यनरत हैं उनमें से 23 पात्र बच्चों को लैपटॉप वितरण किया गया। अध्यक्षा द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदत्त लैपटॉप का प्रयोग केवल अपनी पढ़ाई के उपयोगार्थ ही करें, साथ ही अपने घर में अपनी माताओं को भी लैपटॉप पर कार्य किये जाने एवं सीखे जाने हेतु प्रोत्साहित करें, जिससे आप सभी के साथ वह भी वढ़ते दौर की आधुनिक तकनीकी को समझ सकें।

## रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में रही नमाजियों की भीड़

■ मांगी गई अमन की दुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुकद्दस माह रमजान का आज पहला जुमा था। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में सुबह से ही रोज. ेदारों में उत्साह था। अजान से पहले ही बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग नमाजी मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गए थे। ताकि पहली सफ (पंक्ति) में जगह मिल जाए। मुख्य नमाज किला की शाही जामा मस्जिद में डेढ़ बजे अदा की गई। बड़ी तादात में यहां नमाजियों में नमाज ए जुमा अदा कर अल्लाह की बारगाह में दुआ की। शहर की दूसरी मस्जिदों में इमामों ने खुत्बे से पहले रमजान और रोजे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान बंदों को अल्लाह से सीधे जुड़ाव का महीना है।

जसोली की पीराशाह मस्जिद में मौलाना महफूज आलम ने तकरीर करते हुए कहा कि रोजे की हालात में कुछ न खाना पीना और गरीब परेशान लोगों की मदद करने का नाम ही रोजा है। इस माह हर भलाई का काम करें जिससे हमारा अल्लाह हमसे राजी हो जाए। नमाज के बाद खुसूसी दुआ की गई। इसके अलावा शहर की सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों में दोपहर साढ़े बारह बजे खानकाह ए वामिकिया से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। जो सबसे आखिर में दोपहर साढ़े तीन बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में नमाज तक चला। रजा मस्जिद में दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत खानदान के सभी बुजुर्गों ने नमाज अदा की। इसके अलावा दरगाह शाहदाना वली, दरगाह ताजुशशरिया, खानकाह- ए-नयाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, सिविल लाइन्स की नोमहला मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, पुराना शहर की मिर्जाइ



मसजिद, नूरानी मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, हकीम सुक्का खान मस्जिद, गौसिया मस्जिद, बिहारीपुर की बीबी जी मस्जिद, आला हजरत मस्जिद, चौकी चौराहा वाली मस्जिद, कैंट की हाथी खाना मस्जिद, रेलवे स्टेशन की नूरी मस्जिद, सुभाष नगर की साबरी मस्जिद, जखीरा की इमली वाली मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम मस्जिद आदि में भी बड़ी तादात में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा की। दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि कई मस्जिदों में नमाज की जगह कम पड़ने पर मस्जिदों की इंतेजामिया कमेटी ने छतों पर सफें लगा कर नमाज अदा करवाई। जिन बच्चों का अभी तक पहला रोजा नहीं हुआ था उन बच्चों ने आज पहला रोजा रखा।

## शादी का झांसा देकर युवती से युवक ने बनाए शारीरिक सम्बन्ध

■ दहेज की मांग पूरी करने से मना करने पर तोड़ा रिश्ता

■ युवक व परिवार के पांच लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने दहेज की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ दिया, और टीका में दिये गए रूपये भी हड़प लिये। इस मामले में युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरा. ेपी युवक सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम सिमरा भोगपुर निवासी एक युवती का कहना



है कि राजवीर उम्र 30 वर्ष पुत्र बाबूराम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। रिश्ता तय होने पर गोद भराई में युवक को उसके परिवार वालों ने तीन लाख रूपये दिये। आरोप है कि युवक उसके पिता से दहेज की मांग करने लगा, और जब उसके पिता ने मांग पूरी करने से मना किया तो युवक व उसके परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया, और गोद भराई में दिये रूपये भी वापस नहीं किये। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक राजवीर, लड़के के पिता बाबू राम, मां फूला देवी, भाई विशाल, बहनोई शेर सिंह, बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बोलते हुए संस्थान के निदेशक डॉ० त्रिवेणी दत्त ने कहा कि आज का दिन बहुत ही अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस है, क्योंकि आज हम समाज में महिलाओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को सम्मान देते हैं। डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि आज महिला समाज के हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो कला का हो या वैज्ञानिक का क्षेत्र हो।

डा. दत्त ने कहा कि हमें लेंगिक असमानता को दूर करना होगा, सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, हमें अपने कार्य क्षेत्र में महिला शशक्तिकरण को बड़ावा देना



होगा तथा उन्हें समान अधिकार देने होंगे। उन्होने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान करेंगे, महिलाओं को समान अवसर देंगे, समाज के निर्माण में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने समाज में महिलाओं कि भागीदारी बड़ाने पर भी जोर दिया और कहा कि जब किसी समिति बनाते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि उस समिति में महिला सदस्य अवश्य हों।

संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ० रूपसी तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मैं एक महिला हूं, और आज का दिन हम सभी महिलाओं को सम्मान दिया जाता है, उन्होंने कहा कि महिला का सम्मान सिर्फ इसलिए नहीं किया जाना चाहिए कि वह एक महिला है, अपितु इसलिए लिया जाना चाहिए कि वे अपनी एक पहचान बनाने वाली व्यक्ति हैं। वे सभी समाज के उत्थान के लिए कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान में लेंगिक समानता को अत्यधिक महत्व देता है और लेंगिक समानता को ध्यान में रखे हुए डिपार्टमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलोजी द्वारा हमें अति महत्वपूर्ण गति प्रोजेक्ट दिया गया, उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए 190 संस्थानों से 30 संस्थानों को चुना गया, जिसमें हमारा संस्थान भी शामिल है।

डा. रूपसी तिवारी ने बताया कि संस्थान में 3 मार्च से आज तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें डा. श्रुति के नेतत्व में आईवीआरआई की महिला कर्मचारियों के लिए कार्य संतुलन पर कार्यशाला तथा किसान महिला संवेदीकरण कार्यक्रम लखनपुर भोजीपुरा में, ई-पोस्टर प्रतियोगिता डा. मदन के नेतृत्व में तथा डा. मीमांशा के नेतृत्व में फोटो ग्राफी प्रतियोगिता, तथा आज डा. रेखा पाठक, डा. श्यामा के लतीफ के नेतृत्व में छात्रों द्वारा स्कीट तथा फेंसी ड्रेस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की संयुक्त निदेशक केडराड डा. सोहिनी डे, डा. सोनल, डा. गीता चौहान, डा. अश्वथी गोपीनाथन सहित संस्थान की महिलायें व छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

### सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शायबे आलम को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे और मेरे परिवार के किसी सदस्य से उपरोक्त लोगों का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

मो. अली पुत्र रहमत शाह
निवासी ग्राम शकरस पोस्ट जसाई नागर, थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# रामपुर में बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**रामपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक के राष्ट्रीय आवाहन पर अपने आंदोलन में कार्यक्रम के अंतर्गत आज बैंक ऑफ इंडिया रामपुर पर जिले की समस्त शाखों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भारत सरकार और इंडियन बैंक एसोसिएशन के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक में रामपुर के संयोजक यूनियन बैंक के कामरेड आशुतोष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा सरकार शीघ्र से शीघ्र हमारे पांच सूत्री मांगों को स्वीकार करें जिसमें फाइव डे बैंकिंग लागू की जाए आउटसोर्सिंग बंद की जाए।

अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए अगर हमारी मांगों को सरकार नहीं मानती है तो हमें विवश होकर 24 से 25 मार्च 2025 को मजबूरन हड़ताल करनी पड़ेगी सहसंयोजक स्टेट बैंक के कर्मचारी नेता कामरेड धनराज ने कहा कि सरकार को हमारी मांगों को पूरा करना पड़ेगा अभी हमने पूरे देश के सभी बैंकों के अधिकारी व कर्मचारियों ने दिल्ली के जंतर मंतर पार्क पर जोरदार प्रदर्शन किया था परंतु फिर भी सरकार की आंखें नहीं खुली है। आज के उपरांत हम पुणे 11 मार्च 2025 को भारतीय स्टेट बैंक रामपुर के क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे फिर भी सरकार अगर हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हमें मजबूर होकर 2 दिन की हड़ताल पर जाना पड़ेगा बैंक ऑफ इंडिया के राहुल चंद्र ने कहां की बैंकों में पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की जाए UFBU रामपुर के सहसंयोजक बैंक ऑफ बड़ौदा के सरजू कुमार ने कहा की आईटीआई बैंक में सरकार के हिस्सेदारी 51प्रतिशत बनी रहे तथा शीघ्र से शीघ्र फाइव डे बैंकिंग लागू किया जाए।

आज के प्रदर्शन में मुख्य रूप से पंजाब नेशनल बैंक बैंक ऑफ बरोदा बैंक ऑफ इंडिया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैंक जिला सहकारी बैंक आदि सहित सभी बैंक को कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप जगमोहन अग्रवाल, एम के चौहान, चंद राहुल चंद, अजय सिंह, प्रदीप कुमार, सोनिया सिंह, भाग्यश्री साहिब, शुभम अग्रवाल, राजेश मलिक, बीएस रावत, जावेद अली, राजीव, महेश कुमार, शिवराज सिंह, रजत कुमार, रितेश त्रिवेदी, जावेद अली , तरू राज सक्सेना, राहुल अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** मुजफ्फरनगर के सौरम गांव से बडौत क्षेत्र के सिनौली गांव में शादी में जा रहे आकाश और शुभम की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। मुजफ्फरनगर के सौरम गांव निवासी गौरव ने बताया कि उसके परिवार का आकाश (23) और उसका साथी शुभम (22) शुक्रवार सुबह सिनौली गांव में एक दोस्त के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुसार गांव से आगे कान्हड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर दोघट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही जांच भी शुरू कर दी। डाकखाने में लगने वाली थी शुभम की नौकरी परिजनों ने बताया कि आकाश यूपी पुलिस की तैयारी कर रहा था। शुभम की डाकखाने की नौकरी में सेलेक्शन हो गया था। उसका सत्यापन होना बाकी रह गया था।



# घायल नीलगाय का ग्रामीणों ने किया उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ललियाना गांव में एक नीलगाय खेतो मे लगे कटीलें तारों मे फसकर घायल हो गयी। ग्रामीणों ने देखा तो दौड़कर उसके पास पहुचें और उसका उपचार कर वन विभाग को सूचना दी है।

ललियाना के जंगल मे नीलगाय कटीले तारो में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जब आसपास किसानों और गांव के ही इन्तिजार, छोटे, मोमीन ने नीलगाय रोने की आवाज सुनी तो देखा तो दौड़ पड़े और नीलगाय को कटीले तारो से निकाल कर बाहर लाकर पानी पिलाया और उसके शरीर से काटे निकाले वही किसान छोटे ने वन विभाग के अधिकारियों को फ़ोन कर जानकारी दी है।



# दिव्यांग महिलाओं के लिए जिलाधिकारी की एक नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शुक्रवार को महिला अस्पताल में दिव्यांग महिलाओं हेतु ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर एवं अन्य विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित प्राथमिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया।

शिविर में दिव्यांग महिलाओं की स्कैनिंग एवं स्वास्थ्य जांच की गई। दिव्यांग महिलाओं ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल की इस पहल की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए और समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना चाहिए, जिससे बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके और उनका समुचित इलाज किया जा सके। जिलाधिकारी की स्वास्थ्य जांच शिविर दिव्यांग महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्ति दिव्यांग अध्यापिका ओमवीरी सहित महिला दिव्यांगों ने कैंप की प्रशंसा की जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुविधाएं मिली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के चौधरी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी तूलिका शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।



# एक नजर

## तीन तलाक के आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** थाना बिनौली के गांव दरकावदा निवासी एक विवाहिता के अनुसार दहेज की मांग पूरी न होने पर गत वर्ष दिसम्बर में उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया था और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। पीड़िता ने इस संबंध में महिला थाने में पति समेत आठ लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता के बयान कराये बिना ही चार्जशीट लगा दी। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक शिकायती पत्र देते हुए इस मामाले की पुनः विवेचना कराने और आरो. पियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

गांव दरकावदा निवासी एक युवती की शादी वर्ष 2021 में जनपद मेरठ के कस्बा करनावल निवासी फुरकान के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और शादी के बाद से ही दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। युवती व मायके वालों ने उन्हें बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी मांग पर अडे रहे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले विवाहिता को प्रताडित करने लगे और दुप्पटे से फांसी लगाकर विवाहिता की हत्या का प्रयास किया। विवाहिता का आरोप है कि गत वर्ष उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया था। पीड़िता ने पति समेत आठ लोगों के विरूद्ध इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पीडिता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की है। आईओ ने पीडिता के बयान दर्ज किए बिना ही चार्जशीट लगा दी। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक शिकायती पत्र देते हुए इस प्रकरण की पुनः विवेचना कराने की गुहार लगाई है।

## पुलिस पार्टी पर पथराव करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बडौत कोतवाली क्षेत्र के गांव खडखडी में गत गुरूवार को आपस में झगडा कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस पार्टी पर भी पथराव कर दिया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।



गांव खडखडी में गुरूवार को दो पक्षों में विवाद हो गया था। दोनो पक्षों में जमकर पथराव हुआ था और धारदार हथियारों का प्रयोग हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगडे को बंद कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर भी हमला बोल दिया और पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया था। पुलिस टीम ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले में समीम, फारूख, टीनू उर्फ जुनैद, कन्नू उफ आरिफ, हाफिज, सुहैल, शाकिब व इमरान आदि आठ लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी के अनुसार पुलिस ने दो आरा. ेपियों हफीज व शमीम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हमले मे प्रयुक्त दो डंडें बरामद किए हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## गन्ना बेल्ट का जायका बदलेगा ड्रैगन फूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में जमकर हो ड्रैगन फूट की खेती यमुना नदी के किनारे कोताना खेड़ी प्रधान जागौश आदिलाबाद शबगा आदि गांव में हो रही है। ड्रैगन फूट की खेती अब गन्ना बेल्ट में ्लों तथा सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए 6.38 करोड़ रुपये की योजना मंजूर हो गई हैं। इससे नए वित्त वर्ष 2025-26 में किसानों को स्ट्रॉबेरी व ड्रैगन फूट आदि फलों तथा सब्जियों की खेती होगी। तब गन्ना क्षेत्रफल कम होगा और किसानों की किस्मत भी बदलेगी। बागपत की मुख्य फसल गन्ना है, लेकिन सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलों के विविधिकरण पर जोर दिया जा रहा। इसलिए शासन ने बागपत में पहली बार एकीकृत बागवानी योजना लागू की। इसके तहत उद्यान विभाग ने सब्जी एवं बागवानी को बढ़ावा देने के लिए 6.38 करोड़ रुपये की योजना मंजूर कर शासन को भेज दी। आंवला, अंगूर, पपीता आदि बागवानी को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया। सब्जियों में आलू, टमटार, फूल गोभी, पत्ता गोभी, करेला, भिंडी, बैंगन, गाजर, प्याज, लहसुन, मिर्च व मटर आदि की खेती शामिल हैं। किसानों को अच्छी प्रजाति के बीज तथा पौध उपलब्ध कराने के साथ तकनीकी एवं व्यावहा. रिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनकी खेती के लिए 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। स्ट्रॉबेरी खेती पर प्रति हेक्टेयर 80 हजार तथा ड्रैगन फूट की खेती पर 1.70 लाख रुपये अनुदान मिलेगा। बता दें कि वर्तमान में बडोत के आधा दर्जन गांवों में किसान ड्रैगन की खेती कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, गौरीपुर जवाहर नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में कुल 208विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से केवल 135विद्यार्थी ही उपस्थिति थे। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की इसमें सुधार करने के निर्देश दिए इन विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य देने के लिए विद्यालय में 4 अध्यापक कार्यरत हैं।

शासकीय विद्यालय में मिड डे मील योजना के अंतर्गत जो भोजन बनता है उस किचिन की स्थिति अच्छी नही मिली इसमे साफ सफाई व सुधार करने के निर्देश दिए हैंड वॉश यूनिट नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्ति और उसे लगाए जाने के निर्देश दिए शौचालय की स्थिति भी अत्यंत खराब मिली जिस पर जिला. धिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को साफ स्वच्छ रखना चाहिए यह विद्या का मंदिर है या विद्यार्थी विद्या ग्रहण करने के लिए आते हैं इन्हें अच्छा परिवेश दिया जाए जिससे कि उनकी सकारात्मक सोच बनी रहे उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे जिसमें विद्यार्थियों ने संतोषजनक पूछे गए जिला अधिक. ारी के प्रश्नों का उत्तर दिया। जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और भोजन की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण मिल सके।



# राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को जोड़ने का किया जाएगा कार्य: शौकेंद्र खोखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** क्षेत्र के बदरखा निवासी शौकेंद्र खोखर बने विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भारत के राष्ट्रीय महासि. चव, इनकी नियुक्ति शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विक्षुतपाणी ने की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सोपी गई है। मैं उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। संगठन के बताएं मार्ग पर चलने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को जोड़ने का काम किया जाएगा। शौकेंद्र खोखर बदरखा को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर बागपत लोकसभा क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बागपत में राष्ट्रीय महासचिव के आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। मेरठ पहुंचने पर आज तेजस्वी कुंज कॉलोनी में उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु संस्थापक महंत अवैद्यनाथ महाराज व कालीकापिठाधीशवर के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्षा अस्मिता भंडारी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी राजकुमार नाथ महाराज रजत चौधरी नितिन चौधरी योगेश कुमार रविंद्र सिंह हंस कुमार सोम अंकुर मलिक धर्मेंद्र मलिक जयवीर सिंह चेतन खोखर प्रांजल खोखर आदि ने राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए हर्ष जताया।



# जिलाधिकारी ने बृहद गो संरक्षण केंद्र सरूरपुर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में गौ संरक्षण को संरक्षित रखने और उन्हें अच्छा अल्पाहार हरा ,चारा ,खल ,चौकर छायादार व्यवस्था आदि देने के लिए सरकार कटिबंध है जिस के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने वृद्ध को संरक्षण केंद्र सरूरपुर का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें 699 गोवन संरक्षित हैं जिसमें 274 नर व 425 मद है जिनके संरक्षण के लिए 19 केयरटेकर की व्यवस्था की गई है यह गौसंरक्षण केंद्र जनपद का सबसे बड़े गौसंरक्षण केंद्रों में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा गौशाला की साफ सफाई रखी जाए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी गौशाला के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील किया जाए समस्त कैमरे गौशाला में क्रियाशील रहने चाहिए उन्होंने कहा गौशाला के ऊपर को जो विद्युत लाइन निकल रही है इसे भी साइड में शिफ्टिंग की जाए कोई भी लाइन ऊपर को ना निकल जाए गोवंश को हरा चारा मौसम के अनुसार दिया जाए उनकी समय से चिकित्सक देखरेख करें सभी गोवंश की ईयर टेकिंग हो जानी चाहिए एच् एस/एफएमडी सभी गोवंश का हो गया है। जिलाधिक. ारी ने वहां पर स्टॉक रजिस्टर व निरीक्षण रजिस्टर का अवलोकन किया उन्होंने कहा समस्त गोवंश को शुद्ध पे जल की व्यवस्था रहे। गौशाला में गोवंश के लिए 126 कुंतल भूसा संरक्षित मिला। जिलाधिकारी गोवंश को गुड़ खिलाया और उनको देखरेख करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा पंचायत सचिव व चिकित्सा प्रतिदिन गौशालाओं का भ्रमण करें और व्यवस्थाओं को देखें जो कमियां है उन्हें तत्काल दुरुस्त करें गौशाला में साफ-सफाई रहनी चाहिए यदि गोवंश को समस्या हुई तो संबंधित अधिकारी पर बड़ी कार्यवाही भी की जाएंगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिक. ारी अखिलेश कुमार चौबे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।



# हिंड़न नदी का जलस्तर बढने से किसानों की फसले नष्ट

**रटौल।** ललियाना गांव में हिड़न नदी का जलस्तर बढने से किसानो की लोकी, खीरा, टमाटर की फसल डूबकर नष्ट होने से किसानो को नुकसान हुआ है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलानें की मांग की है।

ललियाना गांव में हिड़न नदी का फिर जलस्तर बढ़ने से लालियना के एक दर्जन किसानों की लगभग 100 बिगा ठेके पर लेकर बोई टमाटर, खीरे, लोकी, गेंहू की फसल डूब गयी हैं। किसान खेतो में भरे पानी निकालने में लगे है। किसान इंतज़ार, इमरान, मुन्ना आदि ने बताया कि हर महीने हिड़न नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों की ठेके पर लेकर बोई सब्जी वह गेंहू सरसो की फसल डूब जाने से नष्ट हो रही है। बार बार टमाटर, लोकी, खीरे की नफसल की बुआई करते है और हिन्डन नदी का बढ़ता जलस्तर फसल को नष्ट कर देता है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के अधिकारी फसल में हुए नुकसान की जांच करने भी नही आते है जिससे किसान परेशान है। उन्होंने डीएम से फसल में हुए हिन्दन नदी के बढ़ते पानी से फसलो में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान के प्रथम जुमे की नमाज अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत/बडौत।** जनपद में रमजान के प्रथम जुम्मे को मस्जिदों में कडी सुरक्षा के बीच नमाज अता की गई। इस दौरान रोजेदारों ने अमन व चैन की दुआ की। शांति पूर्ण नमाज अता होने पर पुलिस प्रशासन ने रहात की सांस ली।

इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने बताया है कि दीन-ए-इस्लाम में माह-ए-रमजान की बहुत अहमियत है। माह-ए-रमजान में रोजे, नमाज, तरावीह, तिलावत, दुआ, तौबा का एहतिमाम करना चाहिए। रोजा रखने से हमारे शरीर से कई बीमारियां दूर जाती है। इस महीने में खास तौर पर पुण्य के कार्य किए जाते हैं। मगर इस मुकद्दस महीने की इन कामों के अलावा भी बहुत सी खूबियां हैं, जिन पर हमें तवज्जो देनी चाहिए। कुरआन और हदीस के मुताबिक सामाजिक बुराइयों के खात्मे, आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने, गरीबों, यतीमों, बेवाओं की मदद करने, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने, गरीब छात्रों की शिक्षा के क्षेत्र में मदद करने, मदारिस की मदद करना, गरीब बच्चियों की शादी कराने में आर्थिक मदद देने और गरीबों को खाना कपड़े आदि उनके उत्थान में रमजान का यह महीना अहम किरदार अदा करता है। इस मौके पर मस्जिद में नमाजियों ने आपसी सौहार्द, भाईचारा क़ायम और मुल्क की तरक्की की भी दुआ की।



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।

पत्रांक :–3058 / ग्रा0अ0नि0 / निविदा / 2024–25 / दिनांक :– 28.02.2025

(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण चतुर्थ आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम हरदुआ में स्थित एल0बी0एस0 डिग्री कालेज में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–नवाबगंज) | 16.875 | 33800.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10-03-2025
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 17-03-2025 मध्याहन 12.00 बजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 17-03-2025, अपरान्ह 12.30 बजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई टी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UPID-230718, DATE-06/03/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र सुभम व पुत्रवधू सलोनी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
प्रमोद पुत्र केशवराम व मुनेश पत्नि प्रमोद निवासी गुराना थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सूरज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
सुरेन्द्रपाल उर्फ बोबी पुत्र मेहरचन्द निवासी गांव तेड़ा थाना सिंघावली अहीर, तहसील व जनपद बागपत।

# एक माह से ग्रामीण क्षेत्र में आतंक मचा रहा तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के गाँवो मे आतंक मचा रहा तेंदुआ आखिर पिंजरे मे कैद हो गया तेंदुए के पिंजरे मे कैद होने की जानकरी से आस पास के लोगों ने राहत की सांस ली और तेंदुए को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बन रेंजर मुजाहिद हुसैन बन दरोगा गौरव कुमार मौके पर पहुंच गए और तेंदुए के पिंजरे को गाड़ी पर लांधकर बन रेंजर ऑफिस अपने साथ ले गये पिंजरे कैद हुआ तेंदुआ लगभग एक माह से ग्रामीण क्षेत्र मे आतंक मचाया हुआ था कभी यहां तो कभी वहां देखने को मिल रहा था। लगभग एक माह पूर्व करीमपुर के जंगल मे तेंदुआ देखा गया था जिसने करीमपुर मे बलदेव सिंह के फार्म हाउस पर एक पालतू कुत्ते को अपना निशाना बनाया था।

वन विभाग ने करीमपुर के एक स्टोन क्रेशर पर तेंदुए को पकड़ने के लिये पिंजरा लगा दिया लेकिन तेंद. ुआ पिंजरे मे नहीं आया और कुछ दिनों बाद चौहद्दा के जगंल मे दिखा तेंदुए ने वहां पर भी एक ग्रामीण के कुत्ते का शिकार कर लिया। चौहद्दा के जगंल मे वन विभाग ने दुसरा पिंजरा लगा दिया चौहद्दा के जगंल मे लगे पिंजरे मे तेंदुआ नही आया तीन दिन पूर्व धर्मपुर मे तरसेम सिंह के फार्म हाउस पर तेंदुए ने कुत्ते का शिकार करने का प्रयास किया लेकिन शोर गुल होने के बाद तेंदुआ वहां से भी निकल गया गुरूवार की रात बाबा फरीद स्टोन क्रेशर मे लगे पिंजरे मे कैद हो गया। तेंदुए की पिंजरे मे आने की जानकारी जेसे ही ग्रामीणों को लगी तब ग्रामीणो ने राहत की सांस ली और तेंदुआ देखने वालो की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बन रेंजर मुजाहिद हुसैन, वन विभाग दरोगा गौरव कुमार मौके पर पहुंच गये और वहां मौजूद लोगों को हटाकर पिंजरे को तेंदुए सहित गाड़ी मे लाद कर रेंजर ऑफिस सलारपुर के जंगल ले गये है। वन दरोगा गौरव कुमार ने बताया कि उच अधिकारियो के आदेश अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कैम्प कार्यालय पर जनता की सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** विधानसभा सत्र से लौटने के बाद अपने कैम्प कार्यालय पर विधायक शफीक अहमद अंसारी से मिलने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं लोग अपनी समस्याए लेकर विधायक से मिले जिसमें कुरैशी समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर विधायक को अवगत कराया। उन्होंने लोगो को आशवासन दिया और कहा आपकी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जायेगा। टांडा क्षेत्र से भी काफी लोग अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक से मिले जो कि उन्होंने ने तुरंत सम्बन्धित अधिकारी को अवगत कराया और कहा की मेरी विधानसभा में लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जनता ने मुझे चुनकर विधानसभा भेजा है अब मेरी बारी है मेरे रहते हुए जनता को किसी बात की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने ने कहा की मैंने अपनी विधानसभा के लिये इस सत्र में बहुत कुछ माँगा है और इंशाअल्लाह बहुत जल्द ही कुछ बड़े काम आपको नजर आएंगे। स्वार में फायर ब्रिगेड का काम शुरू हो चुका है और जल्द ही रोडवेज बस अड्डा बाईपास बिजली घर आदि काम जल्द शुरू होंगे। इस दौरान दीपक नागर, मेहबूब अली, फैजान बल्ली, जावेद मेवाती, डॉ आफताब आलम, महेंद्र सिंह, नबी जान, सरफराज सभासद, अरबाज सभासद, अकील मेंबर, इस्लाम मेंबर, शानू कुरैशी, राम सिंह, चेतराम, हबीब अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन ने खाता नागरिया रोड से अवैध कब्जे को हटवाया

## लोक निर्माण विभाग से हो रहा है रास्ते का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर पालिका परिषद मिलक के अंतर्गत हाईवे से खाते नगरिया को जाने वाले रोड पर हुए अवैध कब्जे को उप जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में प्रशासन ने हटवाकर सीमांकन किया।

मिलक के हाईवे स्थित मेहंदी नगर के सामने से ग्राम खाता नगरिया को जाने वाले मार्ग का निर्माण पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार की मांग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज नगरिया के रास्ते की गाटा संख्या 0. 837 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया था आज उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने भूमि को कब्जा मुक्त करना शुरू कर दिय हल्का लेखपाल और कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर जेस. ीबी के द्वारा रास्ते की भूमि का सीमांकन किया राजस्व विभाग की टीम ने सीमांकन करने के बाद रास्ते की भूमि को कब्जे में लेना शुरू कर दिया है। मौके पर पहुंचकर नक्शे में रास्ते की भूमि को देखकर चिह्नीकरण भी किया गया था। 0. 837 हेक्टेयर रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा है। लंबे अर्से से भूमाफिया इस इस रास्ते की भूमि पर कब्जा था आज उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने अवैध कब्जा मुक्त कराया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सहित पालिका और राजस्व विभाग की टीम साथ में रही।

# पुलिस ने पास्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस आज एक नफर अभियुक्त इकबाल पुत्र मुस्ताक निवासी मो. नसीराबाद कस्बा व थाना मिलक जनपद रामपुर जाति नक्काल सम्बन्धित मु.अ.सं. 76/25 धारा 75 बीएनएस व 9ड/10 पोक्सो एक्ट को थाना कार्यालय से गिरफ्तार कर मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया। उल्लेखनीय है। कि आज वादी हेमन्त सक्सैना पुत्र स्व. प्रेम नरायन सक्सेना निवासी मो.नसीराबाद कस्बा व थाना मिलक की पुत्री आरोही सक्सेना उम्र करीब 07 वर्ष मय अपने चचेरे भाई अंकित सक्सैना पुत्र सुशील कुमार सक्सैना निवासी उपरोक्त मय माता रंजना सक्सैना पत्नी स्व. प्रेमनरायन सक्सैना नि. उपरोक्त मय हिरासत शुदा एक नफर अभियुक्त इकबाल पुत्र मुस्ताक निवासी मो. नसीराबाद कस्बा व थाना मिलक जनपद रामपुर के साथ थाना उपस्थित आये। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.स. 76/25 धारा 75 बीएनएस व 9ड/10 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।

# 6 माह से गायब किशोर को पुलिस ने ढूंढ निकाला



उत्तराखंड से 6 माह पहले गायब किशोर को परिजनों के हवाले करते उप निरीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** उत्तराखंड से 6 माह पहले गायब हुए किशोर को पुलिस ने ढूंढ निकाला। किशोर ने परिजनों से नाराजगी के बाद अपना घर छोड़ दिया था। पुलिस ने किशोर के परिजनों को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के मुरसैना चौराहा का है। गुरुवार देर शाम चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान सड़क पर घूम रहे बच्चे को पुलिस ने रोका तो वह घबरा गया। पूछताछ करने पर मालूम हुआ किशोर पास के ही घर में रहकर घोड़ों के लिए घास आदि लाता है। बच्चा जिस घर में रहता था चौकी इंचार्ज ने पहुंच कर उसके बारे में जानकारी जुटाई। जानकारी मिली यह बच्चा घर से भागकर काफी समय से उनके घर पर रह रहा है। पुलिस ने बच्चे से उसका पता मालूम किया तो उसने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। चौकी इंचार्ज ने आसपास के थानों को उस बच्चों की फोटो भेज दी। देर रात को ही किशोर के परिजनों का फोन आ गया। सुबह दिन निकलते ही किशोर के परिजन चौकी पर पहुंच गए। चौकी इंचार्ज ने किशोर को मां बाप के हवाले किया तो वह चिपट कर रोने लगे। किशोर उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित मोहल्ला भूत बंगला निवासी शानिव पुत्र मोहम्मद आसिफ निकाला।

# रमज़ान और होली को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार को आगामी त्योहार रमजानमाह व होली को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत हुई बैठक में उपजिलाधिकारी अमन दयोल व सीओ अतुल कुमार पांडे ने नगर उलेमाओं सहित नगर के सम्भ्रांत लोगो व प्रधानो को बुला कर उनसे त्यौहारो को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की ओर कोई भी त्योहार में नई परम्परा न डालने को लेकर लोगो को सकुशल ढंग से मनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।और दोनों त्यौहारो को शांति पूण ढंग से मनाने की अपील की ओर कोई भी असामाजिक तत्व के व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा।इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद अहमद खातिबि,कारी शब्बन खा साहब,नाजिम मौलाना,रफीक अंसारी, महेन्द्र सैनी,व्यापार मंडल अध्यक्ष अनवर अली,उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,शिव औतार मन्नु,अजीज मिया,प्रधान आरिफ अंसारी,शरीफ अहमद ,जाफर हुसैन, सिराज अहमद,इरफान हुसेन,तफज्जुल हुसैन,,नूर हसन गोसी,नाहिद खा,इस्लाम मेम्बर,जमील अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनन को लेकर जिला प्रशासन सख्त, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगी प्रशासनिक टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनपद में अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोडिंग गति. विधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त तहसीलों के मुख्य चौराहों पर 15 चौक प्वाइण्ट स्थापित करते हुए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त रूप से टास्क फोर्स का गठन कर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक उपस्थित रहकर सघन चौकिंग अभियान चलाकर उनके विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्धारित किए गए मुख्य चौराहों/चौक प्वाइण्टों पर 31 मार्च 2025 तक प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चौराहों/चौक पोस्ट पर उपस्थित रहकर प्रवर्तन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बताया कि चौक पोस्ट मसवासी चौराहा तहसील टाण्डा में एसडीएम स्वार, क्षेत्राधिकारी स्वार, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, लेखपाल, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक उपायुक्त उद्योग, चौकी इंचार्ज, दढ़ियाल तिराहा तहसील टाण्डा में एसडीएम टाण्डा, क्षेत्राधिकारी टाण्डा, नायब तहस. ीलदार, चौकी इंचार्ज, तहसीलदार टाण्डा, खान निरीक्षक, सहायक बन्दोबस्त अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, पूर्ति निरीक्षक, मानपुर तिराहा तहसील टाण्डा में तहसीलदार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लेखपाल, खान निरीक्षक, उप निबन्धक स्वार, खण्ड विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रभारी थाना निरीक्षक को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि खौद चौराहा तहसील सदर में एसडीएम सदर, थाना अध्यक्ष अजीमनगर, नायब तहसीलदार, चौकी इंचार्ज, प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी, संग्रह अमीन, ज्येष्ठ कृषि कल्याण अधिकारी, सचिव मण्डी समिति, उप सम्भागीय कृषि अधिकारी, चाकू चौराहा तहसील सदर में तहसीलदार सदर, थानाध्यक्ष गंज, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लेखपाल, संग्रह अमीन, सेक्टर 17 शर्मा मोड के पास उत्तराखण्ड बिलासपुर बार्डर पर उपजिलाधिकारी बिलासपुर, क्षेत्राधिकारी बिलासपुर, नायब तहस. ीलदार बिलासपुर, सहायक विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी बिलासपुर, चकफेरी मोड उत्तराखण्ड बिलासपुर बार्डर पर नायब तहस. ीलदार, तहसीलदार, लेखपाल, सहायक विकास अधिकारी, प्रभारी थाना निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, सहायक प्रबन्धक, सहायक विकास अधिकारी सहकारी समिति, सौफ्ती होटल उत्तराखण्ड बिलासपुर बार्डर पर तहसीलदार बिलासपुर, पूर्ति निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, मत्स्य विकास अधिकारी, रेंजर बिलासपुर, अवर अभियन्ता भूमि संरक्षण, खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर, सहायक श्रमायुक्त, लेखपाल, थाना पटवाई रामपुर से शाहबाद को जाने वाले मार्ग पर एसडीएम शाहबाद, क्षेत्राधिकारी शाहबाद, प्रभारी निरीक्षक थाना पटवाई, तहसीलदार शाहबाद, नायब तहसीलदार शाहबाद, सहायक विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहबाद, रठौंडा चौराहा मिलक में एसडीएम मिलक, क्षेत्राधिकारी मिलक, नायब तहसीलदार मिलक, तहसीलदार, पूर्ति निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिलक, राजस्व निरीक्षक, चौकी इंचार्ज रठौंडा, उप निबन्धक मिलक, लेखपाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी मिलक, संग्रह अमीन मिलक को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जांच दल के सभी सदस्य अपने-अपने निर्धारित/आवश्यक स्थानों पर दी गई समयावधि के भीतर प्रतिदिन उपस्थित रहकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

संयुक्त जांच दल ओवरलोड खनिज पदार्थों के नियम विरूद्ध परिवहन करने वाले मालयान वाहनों के विरुद्ध चालान, सीजर की कार्यवाही के अतिरिक्त भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा दी गयी व्यवस्था के क्रम में बिना परिवहन प्रपत्र के उप खनिज के परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर सरकारी सम्पत्ति की चोरी मानते हुए परिवहनकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार आईपीसी एवं लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करेंगे। जांच दल में नामित सदस्य यथा एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी की अनुपस्थिति में थाना प्रभारी, तहस. ीलदार की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में चौकी इंचार्ज द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए खान अधिकारी एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जांच दल के साथ कार्यवाही संयुक्त रूप से सम्पादित करेंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच दल चेकिंग अभियान निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चलाते हुए अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगायेगा और इस बात का विशेष ध्यान रखेगा कि इस कार्यवाही के दौरान किसी का भी अनावश्यक रूप से उत्पीड़न न होने पाए। थाना स्तर पर अवैध खनन की सूचना/शिकायत प्राप्त होने पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उसकी सूचना तत्काल एसडीएम/ क्षेत्राधिकारी को देंगे, उपजिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी टास्क फोर्स के माध्यम से इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के क्रम में खान अधिकारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को उनके क्षेत्र में दिए गए खनन के पट्टों की सूचना जो खनन विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत चिन्हित किए गए हैं, उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त यदि किसी थाना क्षेत्र में चिन्हित पट्टों के अतिरिक्त यदि किसी अन्यत्र स्थान पर संगठित/वृहद खनन की सूचना प्राप्त होती है और इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक को सूचित नहीं किया गया है, तो उसमें प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष की संलिप्तता मानी जायेगी। उपजिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी अपने विवेकानुसार चौक पोस्ट पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं पुलिस बल की तैनाती कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अवगत करायेंगे कि जनपद में किन-किन स्थानों पर वन विभाग की चौक पोस्ट स्थापित हैं और उनके द्वारा ओवरलोडिंग एवं अवैध खनन के अभिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु क्या क्या कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। प्रभागीय निदेशक वानिकी वन प्रभाग चौक पोस्ट व उन पर की जा रही कार्यवाही की सूचना से तत्काल अवगत करायेंगे। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी वन विभाग की चौक पोस्ट से ओवरलोडिंग एवं अवैध खनन के अभिवहन के विरूद्ध प्रतिदिन की जा रही कार्यवाही विषयक सूचना प्रभारी अधिकारी खनन को प्रेषित करेंगे। प्रभारी अधिकारी खनन सूचना से प्रतिदिन अवगत करायेंगे। जांच दल सुनिश्चित करेगा कि यदि ओवरलोड खनिज या अन्य वस्तुओं को परिवहन करने वाले वाहनों द्वारा वाहन की बॉडी को अनधिकृत रूप से बढ़ाया गया है, तो उनके सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसकी सूचना परिवहन विभाग को प्रेषित करेंगे। परिवहन विभाग का दायित्व होगा कि ऐसे वाहनों का फिटनेस निरस्त करने एवं पंजीयन निलंबित करने की कार्यवाही उनके द्वारा तत्काल सुनिश्चित की जाये। बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट व टेम्पर्ड नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाये और मार्गों पर बैरियर आदि भी लगाये जायें। ड्यूटी पर लगाये गये समस्त अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि प्रतिस्थानी के उपस्थित होने तक अपना स्थान नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि चौक प्वाइण्टों पर लगाए गए अधिकारी अपनी ड्यूटी सप्ताह में चक्रवार करना सुनिश्चित करेंगे और चेकिंग के दौरान यदि कोई भी वाहन अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग करता हुआ पाया जाता है, तो तत्काल उस क्षेत्र के उपजिलाधिकारी /खान अधिकारी/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायेंगे। समस्त उपजिलाधिकारी अन्य विभाग के लगाये गये अधिकारियों की ड्यूटी चेक करेंगे तथा उनके अनुपस्थित पाये जाने पर आख्या प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)/प्रभारी अधिकारी खनन व अपर पुलिस अधीक्षक कार्यवाही का प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

## नए पुराने सभी के साथ अब होगी खिदमत ए अवाम: मार्टिन फैसल

### ऑनलाइन मीटिंग के जरिए रामपुर संगठन हुआ बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रामपुर पिछले दस वर्षों से ज़्यादा से समाज की बुनियादी जरूरतों पर काम कर रहे संगठन खिदमत ए अवाम युवा समिति की शुक्रवार को ऑनलाइन मीटिंग हुई जिसमें समिति संस्थापक मार्टिन फैसल भी शामिल रहे। मीटिंग में समिति की मजबूती और बहाल करने पर जोर रहा। मार्टिन फैसल ने कहा बीते वक्त से सीख लेकर संगठन को देशभर में बुनियाद से मजबूत करेंगे साथ ही उन्होंने कहा पुराने साथियों की वापसी, नए कार्यकर्ताओं की नियुक्ति, युवाओं को नेतृत्व देने, विभिन्न माध्यमों से शिक्षा पर कार्य व आम अवाम के बुनियादी कामों पर अधिक सक्रियता से काम करने पर जोर रहेगा।

## आज लगेगा होली का विशेष बालाजी दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** संकट मोचन श्री बालाजी दरबार समिति मिलक के तत्वाधान में कल दिनांक 8 मार्च 2025 को होली का विशेष दरबार का आयोजन किया जाएगा यह दरबार श्री दुर्गा प्रसाद गंगवार के के निवास स्थान मोहल्ला नसीराबाद कलावती स्कूल के सामने सामने लगेगा जिसका समय रात्रि 8:00 बजे से होगा बाबा का सुंदर दरबार सजेगा उसके बाद फूलों और गुलाल से होली का पर्व मनाया जाएगा। बाबा के भजनों का सुंदर-सुंदर गुणगान किया जाएगा सुबह 4:00 बजे आरती भोग के बाद दरबार संपन्न होगा।इसकी जानकारी बलवंत सिंह ने दी।

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, रामपुर/नजीबाबाद ऑफिस कॉम्पलैक्स,भूतल,सेक्टर-05, मझोला योजना संख्या-04,भाग-02 मुरादाबाद**

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या-02 रामपुर में स्थित व्यावसायिक खोखा भूखण्ड संख्या -एस-1/103 का आवंटन कार्यालय के पत्र संख्या-535 दिनांक 01.06.1999 के द्वारा श्री उमेश चन्द्र सैनी पुत्र श्री रूप चन्द्र सैनी के पक्ष में हुआ है। सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय रामपुर द्वारा श्री उमेश चन्द्र सैनी पुत्र श्री रूप चन्द्र सैनी के पक्ष में दिनांक-16.02.2003 को उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय-विलेख निष्पादित किया गया है। श्री उमेश चन्द्र सैनी पुत्र श्री रूप चन्द्र सैनी ने उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय दिनांक 08.02.2018 को श्री रजनीश खनुजा पुत्र स्व.लहोरी सिंह के पक्ष में किया गया है। श्री रजनीश खनुजा पुत्र स्व.लहोरी सिंह ने उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय उपरान्त नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु जनहित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन संख्या-MU2025030513415477 दिनांक 05.03.2025 को किया गया है। यदि इस नामांतरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपत्ति मान्य नहीं होगी। परिषद नियमानुसार नामान्तरण की कार्रवाई की जायेगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धन**

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, रामपुर/नजीबाबाद ऑफिस कॉम्पलैक्स,भूतल,सेक्टर-05, मझोला योजना संख्या-04,भाग-02 मुरादाबाद**

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या-02 रामपुर में स्थित व्यावसायिक खोखा भूखण्ड संख्या -एस-1/102 का आवंटन कार्यालय के पत्र संख्या-534 दिनांक 01.06.1999 के द्वारा श्री देशराज गप्ता पुत्र श्री ब्रह्म्मानन्द गुप्ता के पक्ष में हुआ है। सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय रामपुर द्वारा श्री देशराज गप्ता पुत्र श्री ब्रह्म्मानन्द गुप्ता के पक्ष में दिनांक-20.01.2003 को उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय-विलेख निष्पादित किया गया है। श्री देशराज गप्ता पुत्र श्री ब्रह्म्मानन्द गुप्ता ने उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय दिनांक 20.12.2006 को श्रीमती कविता भाटिया पत्नि श्री दिलीप भाटिया के पक्ष में किया गया है। श्रीमती कविता भाटिया पत्नि श्री दिलीप भाटिया ने उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय दिनांक-21.12.2009 को श्री प्रेमचन्द्र सैनी पुत्र श्री रूप चन्द्र सैनी एवं श्रीमती राम. रती पत्नी श्री प्रेमचन्द्र के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया है। श्री प्रेमचन्द्र सैनी पुत्र श्री रूप चन्द्र सैनी एवं श्रीमती रामरती पत्नी श्री प्रेमचन्द्र नें संयुक्त रूप से उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय दिनांक-15.11.2019 को श्रीमती रोज़ी खनुजा पत्नी श्री रजनीश खनुजा के पक्ष में किया गया है। श्रीमती रोज़ी खनुजा पत्नी श्री रजनीश खनुजा नें उक्त व्यावसायिक खोखा भूखण्ड का विक्रय उपरान्त नामान्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु जनहित पोर्टल पर ऑन-लाइन आवेदन संख्या-MU2025030514595870 दिनांक 05.03.2025 को किया गया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपत्ति मान्य नहीं होगी। परिषद नियमानुसार नामान्तरण की कार्रवाई की जायेगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धन**

# सड़क चौड़ीकरण में बाधक बताकर आरोपियों के अतिक्रमण पर चली जेसीबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जालिफ नगला में पैसे को लेनदेन को हुए झगड़े के आरोपियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासनिक टीम ने जेसीबी चला कर गिरवा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जालिफनगला के निकट सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा हाईवे पर सड़क निर्माण चल रहा है आज ग्राम में हुए झगड़े के बाद पुलिस ने वहां किए गए अतिक्रमण को लेकर सख्त कार्रवाई की और जालिफ नगला में अतिक्रमण हटाने को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार की अगुवाई में पीडब्लूडी और पुलिस टीम ने जालिफ नगला गांव में सड़क किनारे अतिक्रमण हटवाया। इसमें मारपीट के आरोपियों के भी अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा भारी पुलिस फोर्स देखकर गांव में सन्नाटा रहा।

दुकानदार दुकान खोलने के बजाय अपना अतिक्रमण हटाने में व्यस्त रहे उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने चले अतिक्रमण हटाओ अभियान में क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार प्रभारी, निरीक्षक धनंजय सिंह, पीडब्लूडी जे.ई उमामा रहमानी, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार टीम के द्वारा जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने में जुट गए।

सड़क किनारे टीन सेट डालकर चार दिवारी बनाकर किए गए। अतिक्रमण से बचाने के लिए कई लोगों ने कोशिश की लेकिन भारी पुलिस फोर्स अधिकारियों के आगे उनकी नहीं चल सकी यह माजरा देखने को पड़ोसी गांव के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे पहले अतिक्रमण को खुद हटाने में लग गए अभियान की वजह से अफरा तफरी का माहौल रहा।

दुकानदारों के द्वारा कई वर्षों से किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी अवर अभियंता उमामा रहमानी, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार, नगर पालिका का अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सहित आदि पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में महिलाओं सहित आधा दर्जन से अधिक घायल

## दो संप्रदायों के बीच हुए संघर्ष सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** टेंट के समान के पैसों के लेनदेन को लेकर दो दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मे एक पक्ष की महिलाओं समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए मामला दो संप्रदाय के बीच होने का कारण सूचना पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जालिफ नगला गांव निवासी लालाराम ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी है जिसमें इसमें आरोप लगाया कि लालाराम के घर पर शादी समारोह का कार्यक्रम था उसके बाद गांव के सगीर अहमद की टेंट की दुकान से टेंट का सामान लिया था उसके बाद अपने पुत्र मनीष के साथ शुक्रवार की सुबह लगभग 11:30 बजे टेंट का सामान वापस देने गया तो सगीर अहमद ने कहा कि तुम लोगों की संख्या यहां गांव में बहुत कम है तुम्हें अगर इस गांव में रहना है तो ज्यादा पैसे देने होंगे प्रार्थी लालाराम ने जब इस बात का विरोध किया तो सगीर अहमद ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने के लिए लाठी डंडों का हमला कर दिया। जिसमें सगीर अहमद तुफैल सफीक फदीर इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पुत्री निशा पत्नी मीना, कल्लू ने जब बीच बचाव किया तो आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार करने तथा मारपीट करने लगे और आरोपियों ने कहा कि गांव में अगर रहना है तो हर माह 5000 रूपये देने होंगे अन्यथा तुम लोगों को जान से मार देंगे यह धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। घायल अवस्था में लालाराम कोतवाली पहुंचे और उनकी तहरीर पर पांच लोग खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने कहा है मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर करवाई जा रही है।

# प्लाट की बाउंड्री करने पर दबंगों ने गाली गलौज कर मारपीट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** शुक्रवार को शमरीन पत्नी मोहमद उमर निवासी कोठी मोहल्ला ने एक प्लाट खरीदा है। जिसकी वह बाउंड्री करा रही थी तभी मौके पर चर्मपाल, सोनू, मोनू, बब्लू पुत्र नेकपाल निवासी मोहल्ला जाटबान थाना 4सैफनी जिला रामपुर आ गये और पीडिया की बाउंड्री उखाड दी। गाली गलौज करने लगे और इन चारों ने बदघनियति से पीड़िता पर लिपट गये और कपडे फाड दिये। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये ! पीडिता ने थाने में उक्त लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# पुलिस को अमन की तलाश

## पुलिस की पकड़ से बाहर आरोपी की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** अमन का वीडियो वायरल होने से पुलिस पसो पेश में है कि आखिर मामला है तो है क्या हकीकत जानने के लिए अब पुलिस को अमन की तलाश है पुलिस अमन को लगातार ट्रैक कर रही है लेकिन उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है वहीं अभी आरोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है जिसकी तलाश जारी है ।

बीते गुरुवार को सैफनी थाना क्षेत्र के गांव पट्टी फैजुल्लाबाद के रहने वाले सोमपाल ने तहरीर के मुताबिक अपने भतीजे अमन के बताए अनुसार उसके बच्चों का धर्मांतरण और खतना कराए जाने के मामले में तहरीर दी थी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाही शुरू कर दी थी। हकीकत जानने के लिये पुलिस अब अमन को तलाश कर रही है लेकिन उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। अमन का वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह धर्म परिवर्तन और खतना कराए जाने से साफ इनकार कर रहा है वही चाचा सोमपाल का कहना है कि अगर वह सही है तो पुलिस के सामने क्यों नहीं आता। तस्वीर पानी की तरह साफ हो सके इसके लिए पुलिस लगातार रमन को ट्रैक कर रही है।वहीं आरोपी ठेकेदार भी पुलिस की पकड़ से बाहर है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह ने बताया कि अमन को ट्रैक किया जा रहा है उसे संपर्क नहीं हो पा रहा है वहीं आरोपी की तलाश जारी है। एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र ने बताया विवेचना जारी है विवेचना के दौरान ही जिस व्यक्ति के बच्चों के बारे में बताया जा रहा है वह व्यक्ति एक वीडियो वायरल कर रहा है कोई धर्मांतरण नहीं हुआ है मैं अपने बच्चों के साथ हूँ । जिस व्यक्ति पर आरोप है जिसके बच्चों के बारे में बताया गया है दोनों व्यक्तियों की तलाश की जा रही है उनसे मिलते ही स्पष्ट स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में बीएएसएफ ने सीबीआई जांच की मांग की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के जिला संयोजक सुवीर आजाद के नेतृत्व में कलेक्टर रामपुर में भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के सदस्य और पदाधिकारी इकट्ठा हुए और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी रामपुर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि उड़ीसा में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह की जनसभा के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठित गुंडो ने विरोध प्रदर्शन के दौरान जानलेवा हमला किया। यह हमला केवल आजाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह पर नहीं बल्कि लोकतंत्र संविधान और सामाजिक न्याय की आवाज को दबाने की साजिश है। विरोध करना सभी का संवैधानिक अधिकार है परंतु विरोध की आड़ में हिंसा करना और कानून व्यवस्था को बिगड़ने की कोशिश करना एक अपराध है और भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन इस प्रकार की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा ज्ञापन के माध्यम से भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन ने राष्ट्रपति महोदय से मांग की है कि इस हमले की सीबीआई जांच कराई जाए हमले में शामिल सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए व उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए सांसद नगीना और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह की सुरक्षा बढ़ाई जाए। इस मौके पर पंकज जाटव, विमल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रवि कुमार, रोहित कुमार , अजय कुमार, अरुण जाटव, आशू कुमार आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में पड़ा मिला युवक का शव

## पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददात**

**ढकिया/रामपुर।** शुक्रवार की सुबह ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव गदर पट्टी का रहने वाले 25 वर्षीय मनवीर का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ मिला। मनवीर के घर के सामने गुजर रही रिश्ते की भाभी ने देखा तो उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को पता चला एकाएक लोग मनवीर के घर की ओर दौड़े। मनवीर की मौत की सूचना पर परिजन में कोहराम मच गया ।मनवीर की मौत की खबर सुनकर मनवीर की मां सोमवती जो की मुरादाबाद में मजदूरी करती है वह भी गांव के लिए रवाना हो गई । सूचना पर ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी के साथ कोतवाल शाहबाद पंकज पन्त मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेजने की बात कही इस पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया तब



मृतक का फाइल फोटो

पुलिस ने तब पुलिस शव का पंचनामा भर कर परिजनों के हवाले कर दिया। शाम के समय परिजनों ने मनवीर का अंतिम संस्कार कर दिया बताया जा रहा है कि मनवीर शराब पीने का आदी था मनवीर की मां सोमवती मुरादाबाद में मजदूरी करती है वही अविवाहित मनवीर घर में अकेला रहता था कई साल पहले मनवीर के पिता रामवीर का देहांत हो चुका है।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश पंजीकृत ने महाबोधि महाविहार बोधगया टेंपल विश्व धरोहर के रूप में भारत का गौरव है जहां तथा अद्भुत ने ज्ञान प्राप्त कर विश्व को शक्ति क्षमता करना और मैत्री का संदेश दिया। इस महाबोधि विहार का संचालन बोधगया मोदी बिहार महाबोधि महाविहार अधिनियम 1949 के द्वारा होता है इसकी परिमाण समिति में 5 ब्राह्मण सदस्य और 4 बौद्ध सदस्य हैं बौद्धों की प्रबंध समिति में गैर बौद्धों को रखा जाना तथा बौद्ध टेंपल पर महंत ब्राह्मण द्वारा बुद्ध के स्वरूप मिटाकर शिवलिंग एवं अन्य हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियों को स्थापित कर कब्जा किया जा रहा है, जो स्वतंत्र भारत में घोर अपराध और अन्याय है। एक्ट को निरस्त कर महाबोधि महाविहार बोधगया टेंपल की प्रबंध समिति में शत प्रतिशत बौद्ध हो को रखा जाए ताकि महाविहार बोधगया पर हिंदू ब्राह्मण द्वारा किया जा रहा अवैध कब्जा रोका जा सके। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार गौतम प्रांतीय महामंत्री, शोभित आदित्य जिला महामंत्री ओमकार सिंह बौद्ध, एडवोकेट प्रमोद निरंकारी जिला प्रभारी बसपा, राजीव अंबेडकर जिला कार्यकारिणी सदस्य बसपा, एडवोकेट हरिओम रवि, एडवोकेट जागन सिंह गौतम, राजाराम अंबेडकर, रामओतार अंबेडकर, जसराज सिंह सागर आर के प्रभाकर, एडवोकेट वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# चार वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1वारंटी राजबल पुत्र दर्शन निवासी गद्दी नंगली 2 सत्यपाल पुत्र तेजा सिंह निवासी छिददावाला 3 राजेश पुत्र नन्हे निवासी रज्जावाला मझरा खानपुर उत्तरी 4 सुनील पुत्र फूलचन्द निवासी पुसवाड़ा को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. अमर पाल सिंह,रामबाबू, हे.का. अरविंद कुमार, राजकुमार सिंह, नवाब शरीफआदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने घोड़ा बग्गी में मारी टक्कर घोड़े की मौत, बग्गी हुई क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धनोरा मोड़ पर घोड़ा बग्गी चालक बारात चढ़ाकर बापिस अपने घर बिलारी की तरफ जा रहा था तभी सैफनी की तरफ से तेज रफ्तार एक ट्रक ने घोड़ा बग्गी में जोरदार टक्कर मार दी जिसमे एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गई। बताते चले कि शाहिद पुत्र सारिक निवासी मोहल्ला अब्दुल्ला कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने सैफनी थाना आकर एक तहरीर देते हुए कहा है कि एक ट्रक जिसका नंबर यू पी 38 टी 4795चालक नाम पता अज्ञात द्वारा गुरुवार की रात को ग्राम खरसौल में बारात चढ़ाने के बाद बग्गी चालक अपनी बग्गी लेकर बापिस अपने घर की तरफ आ रहा था लगभग रात्रि 1 बजे



सैफनी की तरफ से ट्रक चालक ट्रक को लापरवाही और तेज रफ्तार से आ रहा था तभी घोड़ा बग्गी में एक जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बग्गी में जुड़ा एक घोड़ा जख्मी होने के कारण घोड़े की मौके पर ही मृत्यु हो गई घोड़ा बग्गी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घोड़ा मौके पर ही पड़ा होने के संबंध में तहरीर दाखिल की दाखिल तहरीर के आधार पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया।

# चोरी हुई मोटरसाईकिल के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ग्राम बिसौली तालाब खेमपाल पुत्र चौनू सिंह अपने भतीजे अशोक पुत्र द्वारिकी प्रसाद निवासी बिसौली तालाब थाना सैफनी जनपद रामपुर के सहयोग 5 फरवरी को वादी मुकद्दमा के घर पर रात्रि लगभग 11 /12 बजे तिलक का कार्यक्रम चल रहा था वादी मुकदमा की मोटर साईकिल हीरो पैशन प्रो जिसका नंबर यूपी 22 आर 0363 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

वादी मुकद्दमा ने अपनी मोटर साईकिल की तलाश में जुट गए तभी गांव के ही रहने वाले वीरेश यादव पुत्र हरद्वारी लाला के घर के बाहर लगे सी सी टी वी केमरे चेक किए तो वादी मुकद्दमा के ही गांव का ही रहने वाला नन्हे पुत्र बालक राम यादव मेरी मोटरसाईकिल रजिस्टर नंबर यूपी 22 आर 0363 को चोरी करके पैदल लेकर जाता दिखाई दिया तभी वादी मुकद्दमा व मेरा भतीजा अशोक पुत्र द्वारिकी प्रसाद निवासी ग्राम बिसौली तालाब उसकी तलाश में जुट गए लगभग शाम के 06:30 बजे मुझे मेरे गांव का ही रहने वाला नन्हे उपरोक्त मोटरसाईकिल को चलाते हुए खरसौल के निकट तारापुर सिसौना मोड़ पर मिला मैने उसको रोककर अपनी चोरी हुई मोटरसाईकिल के साथ पकड़ लिया माल व अभियुक्त को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेकर शुक्रवार को गिरफ्तारशुदा अभियुक्त पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर किया चालान।

# होप ऑफ स्माइल फाउंडेशन बांट रहा है रोज़ेदारों को राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर का एक सामाजिक संगठन रोजेदारों को उनकी जरूरत के हिसाब से राशन किट का वितरण कर रहा है तहसील क्षेत्र के युवाओं द्वारा होप ऑफ स्माइल फाउंडेशन नाम से एक सामाजिक संगठन बनाया गया है जो पिछले चार वर्षो से लगातार सामाजिक सेवा का कार्य कर रहा है। जिसमे जरूरतमंदो को शिक्षा , चिकित्सा ,राशन ,रोजगार ,गरीब लड़कियों की शादी आदि के क्षेत्र में मदद कर रही है।

विशेष रूप चल रहे माहे रमजान में जरूरतमंद लोगो को राशन का इंतजाम का रही है

। इस बार फाउंडेशन की ओर से सौ जरूरतमंद रोजेदारों को राशन पहुंचाने के लिए राशन की किट तैयार की गई है जिसमें आटा, चावल, तेल,



चीनी, दाले सहित अन्य जरूरत का समान शामिल है। इस कार्य मे फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. शादाब खान, उपाध्यक्ष बिलाल खान, सचिव मोहम्मद नाजिम वारसी, शबाब वारसी, सगीर अहमद, फय्याज अली ,इमरान हुसैन , मोहम्मद निजाम, रियाज अहमद , मोहम्मद साहिल, आदि का महत्वपूर्ण सहयोग है।

# माहे रमजान की फजीलत अल्लाह हर रोज 10 लाख गुनहगारों को जहन्नम से आजाद फरमाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** माहे रमजान की फजीलत बयान करते हुए मदनी मारकज मस्जिद फैजाने मौला अली के इमाम कारी इमरान रजा अत्तारी ने अपने बयान में इरशाद फरमाया के हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम इरशाद फरमाते हैं जब रमजान की पहली रात होती है तो अल्लाह पाक अपनी मखलूक की तरफ निगाहे रहमत फरमाता है। अल्लाह पाक जिसकी तरफ नजर फरमाए तो उसे कभी अजाब ना देगा और हर रोज 10 लाख गुनहगारों को जहन्नम से आजाद फरमाता है और जब 29 वीं रात होती है तो महीने भर में जितने आजाद किये उनके बराबर उसे एक रात में आजाद फरमाता है, फिर जब ईद उल फितर की रात आती है तो फरिश्ते खुशी करते हैं और



इमाम कारी इमरान रजा अत्तारी

अल्लाह पाक अपने नूर की खास तजल्ली फरमाता है। एक और रिवायत में है हजरत अब्दुल्लाह इब्ने अब्बास रजी अल्लाह ताला अन्हू रिवायत करते हैं, फरमाने मुस्तफा सल्लल्लाहो ताला अलेही वल्ली वसल्लम अल्लाह पाक माहे रमजान में रोजाना इफ्तार के वक्त 10 लाख ऐसे गुनहगारों को जहन्नम से आजाद फरमाता है जिन पर गुनाहों की वजह से जहन्नम वाजिद हो चुका था फिर सभी जुम्मा और रोज जमा यानी जुम्मे रात को सूरज डूबने से लेकर जुम्मा को सूरज डूबने तक की हर-हर घड़ी में ऐसे 10-10 लाख गुना हजारों को जहन्नम से आजाद किया जाता है जो अजाब के हकदार दिए जा चुके होते हैं। माहे रमजान में अपने खर्च को बढ़ाओ हजरत सैयदना उम्र फारूक रजी अल्लाह ताला अन्हू फरमाते हैं इस महीने को खुशामदीद है जो हमें पाक करने वाला है पूरा रमजान खैर ही खैर है। जिनका एक रोजा छोड़ने का नुकसान है सरकार सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम फरमाते हैं जिसे रमजान के 1 दिन का रोजा बगैर रुखसत को बगैर मर्ज इफ्तार किया यानी ना रखा तो जमाने भर का रोजा भी उसकी जजा पूरी नहीं कर सकता।

● दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी को तैयार

# विराट, गिल और वरुण में टीम को जिताने का मादा

**रविवार को भारत-न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा**




● **न्यूजीलैंड टीम का भरोसा विलियमसन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ, भारत टूर्नामेंट में अजेय, न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया**

**दुबई, वार्ता।** रविवार, 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है, टीम को भारत ने 44 रन से हराया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फार्म में भारतीय टीम की बैटिंग लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल आर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पांड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। शमी-चक्रवर्ती 5-5 विकेट ले चुके, स्पिनर्स के नाम 21 विकेट भारतीय टीम के बालर्स इस टूर्नामेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी 8 और वरुण 7 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। टीम इंडिया ने भले ही अपने सभी मुक. ाबले जीते हैं, लेकिन टीम को अभी भी कई फील्ड में सुधार करना बाकी है। क्योंकि, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी थी। भारतीय टीम ने उस मैच को 49वें ओवर में जीता था। रोहित टूर्नामेंट में फिफ्टी नहीं लगा सके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुक. ाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या को टीम में रखा गया है, लेकिन, हर्षित-पांड्या 4-4 विकेट ही ले सके हैं। शमी 8 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट में 5 मुकाबले खेले, टीम को 4 में जीत मिली, जबकि एक हार भारत के खिलाफ ही झेलनी पड़ी। टीम सभी डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम दो बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर भी बना चुकी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट का हाईएस्ट टोटल 362 रन बनाया था। रचिन दो शतक लगा चुके( 4 बैटर्स ने कुल 5 शतक लगाए न्यूजीलैंड की बैटिंग कमाल के फार्म में है। रचिन रवींद्र 2 शतक बना चुके हैं, जबकि केन विलियम्सन, टाम लैथम और विल यंग के नाम एक-एक शतक है। रचिन रवींद्र (226 रन) टॉप स्कोरर में नंबर-2 पर हैं। मैट हेनरी टॉप विकेट टेकर, भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टूर्नामेंट में 10 विकेट ले चुके हैं। वे टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। मैट हेनरी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लीग स्टेज मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। न्यूजीलैंड की टीम के पास भारत के खिलाफ दुबई की पिच पर खेलने का अनुभव है। पिछले मुकाबले में टीम 44 रन से हार गई थी। ऐसे में टीम फाइनल में बेहतर रणनीति के साथ उतरेगी। फाइनल में दुबई की पिच न्यूजीलैंड के लिए बड़ा चौलेंज साबित होगी। यहां भारतीय स्पिनर्स कीवी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। टीम को वरुण-कुलदीप का तोड़ भी निकालना होगा। कीवी कीवियों के पास भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का तोड़ नहीं है। वरुण ने कीवियों के खिलाफ पिछले मुक. ाबले में 5 विकेट झटके थे, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले थे। उनके बैटर्स भारत के स्पिनर्स को खेल नहीं सके थे। स्पिनर्स ने उस मुकाबले में 9 विकेट झटके थे। इंडिया के खिलाफ मिडिल आर्डर बिखरा भारतीय स्पिनर्स के सामने न्यूजीलैंड का मिडिल आर्डर संघर्ष करता दिखा था। पिछले मुकाबले में स्पिनर्स ने 9 विकेट झटके थे। उनके मिडिल आर्डर का कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा नहीं बना सका था।

## एमआई ने यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

■ **एमेलिया ने पांच विकेट और हेली ने दो विकेट लेकर 68 रन बनाए**

**लखनऊ, वार्ता।** एमेलिया कर (पांच विकेट) और हेली मैथ्यूज (दो विकेट/68 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 16वें मुकाबले में गुरुवार को यूपी वॉरियर्ज को नौ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस की छह मैचों की यह चौथी जीत हैं। यूपी वॉरियर्ज के 150 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर एमेलिया केर (10) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट सायवर ब्रंट ने हैली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस ने नेट सायवर ब्रंट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नेट सायवर ब्रंट ने 23 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (37) रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में क्रांति गौड़ ने हैली मैथ्यूज को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हैली मैथ्यूज ने 46 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए आतिशी अंदाज में (68) रनों की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई।

## शुभमन गिल आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**स्मिथ और फिलिप्स भी दावेदारी की लाइन में**

**दुबई, वार्ता।** भारत के युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल फरवरी 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। इस दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को फरवरी माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कारों के दावेदारों के नामों की घोषणा की। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड पर भारत की निर्णायक श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके सुर्खियाँ बटोरीं और बंगलादेश पर भारत की शुरुआती जीत से पहले एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान के प्रमुख दावेदार माने जा रहे। गिल ने फरवरी में अपने पांच एकदिवसीय मैचों में 94-19 के स्ट्राइक-रेट पर 101-50 की औसत से 406 रन बनाए। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में बंगलादेश के खिलाफ गिल ने नाबाद 101 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

गिल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के स्टार ऑल राउंडर ग्लेन फिलिप्स इस पुरस्कार के दावेदार हैं। महिला वर्ग में स्पिनर अलाना किंग ने मेलबर्न में महिला एशेज सीरीज़ के समापन मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ़ द मंथ पुरस्कार की दावेदार बनी है। साथ ही एनाबेल सदरलैंड ने पारी की जीत में शानदार स्कोर खड़ा कर अपना टीम को अपना योगदान दिया। अंतिम नामांकित 20 वर्षीय थाई गेंदबाज़ थिपचा पुथावोंग हैं, जो नेपाल महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी टीम के विजयी अभियान में विकेट लेने वालों में से एक थीं। महिला वर्ग में फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ की दावेदार ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख लेग स्पिनर अलाना किंग ने महिला एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए मौका मिला तो तैयार हूं: पुजारा



**कोलकाता, वार्ता।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भूख और भी बढ़ गई है, अगर मौका मिला तो मैं इसे लपकने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुजारा ने गुरुवार को मीडिया कॉन्क्लेव में भारतीय टीम में वापसी के सवाल पर कहा कि मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर मौका मिला तो मैं इसे दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। मेरे सीरीज में खेलने की भूख और भी बढ़ गई है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आपको और भी कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास गेंदबाजी है। हमें बोर्ड पर रन बनाने की आवश्यकता है और हमारे पास ऐसा करने वाले खिलाड़ी हैं। हमें गेंदबाजी और वहां की परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। भारतीय टेस्ट टीम के नंबर तीन स्थान के मजबूत स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वह टीम में वापसी का मौका मिलने और जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद शुरु होने वाली यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। पुजारा सौराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। इस सत्र उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 234 रन और असम के खिलाफ 99 रन की पारियां खेली। रणजी ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन मिश्रित रहा है। उनके पास विदेश की पिचों का अनुभव और सफलता उन्हें टीम में वापसी का प्रबल दावेदार मानती है।

## ग्रीन का शतक, न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 78 रनों से हराया

■ **मैडी ग्रीन ने 100 रनों की पारी खेली, रोवे ने चार विकेट लिए**

**नेल्सन, वार्ता।** मैडी ग्रीन (100) की शतकीय और हन्ना रोवे (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 78 रनों से हरा दिया है। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

कप्तान चमारी अटापटू (11) और विशमी गुणरत्ने (आठ) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहारी की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ईडन कार्सन ने कविशा दिलहारी (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

मनुडी नानायक्कारा (शून्य), हर्षिता समरविक्रमा ने 77 गेंदों में चार चौकों की मदद से (59) रनों की पारी खेली। नीलक्षिका सिल्वा (20), अनुष्का संजीवनी (13), अचिनी कुलसुरिया (एक), इनोशी प्रियदर्शनी (शून्य), चेतना विमुक्ति (तीन) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 46-4 ओवर में 167 रन पर ढ़ेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से हन्ना रोवे ने चार विकेट लिए। ब्री इलिंग और ईडन कार्सन को दो-दो विकेट मिले। सूजी बेट्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए। सूजी बेट्स (पांच), एम्मा मैकलियोड (छह), ब्रुक हैलीडे (छह) और जॉर्जिया प्लिमर (28) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मैडी ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसाबेला गेज (19), जेस केर (38) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन ने 109 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (100) रन बनाये। वह 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर रनआउट हुई।

न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 245 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से चमारी अटापटू ने दो विकेट लिए।



## ब्राजील ने नेमार को विश्वकप क्वालीफायर के लिए टीम में बुलाया वापस

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील ने दिग्गज फुटबॉलर नेमार को 17 महीनों के बाद कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि वह अभी भी चोट से उबरने होने की प्रक्रिया में है, लेकिन हम यह भी समझते हैं कि उसकी उपलब्धता हमें मैच के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से उबरने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से उसके उपलब्ध होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे हर कोई अच्छी तरह से जानता और समझता है। वह अपनी वापसी से बेहद खुश हैं और हम उन्हें हर तरह की सुरक्षा भी प्रदान करेंगे।

## चोटिल हेनरी का फाइनल खेलने को लेकर संशय

● **दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में लगी थी मैट हेनरी के चोट**



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक 10 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोटिल हाने से उनके भारत के खिलाफ होने वाले महत्वूपर्ण फाइनल मुकाबले में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है।

हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के आखिरी ओवरों में दो ओवर गेंदबाजी की थी। चोट के बाद मैदान में वापसी के बाद हेनरी गेंद को पकड़ने के लिए छलांग लगाते हुए भी देखे गये थे। इस चोट के कारण वह अब भारत के साथ होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के अनुसार फाइनल से लगभग 48 घंटे पहले भी हेनरी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। स्टीड ने कहा कि मेरे हिसाब से हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि वह दोबारा गेंदबाज़ी करने उतरे थे। उनके कुछ स्कैन हुए हैं और हम उन्हें फ़ाइनल में खेलने का हर संभव मौक़ा देना चाहते हैं।

हालांकि इस वक़्त उनकी स्थिति अब भी अनिश्चितता के घेरे में है। स्टीड ने कहा कि वह कंधे के बल गिरने के कारण अभी भी दर्द से कराह रहे हैं। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हेनरी ने टूर्नामेंट में 16.7 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इनमें से पांच विकेट उन्होंने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में लिए थे। वैसे न्यूजीलैंड के पास दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी का विकल्प के रूप में मौजूद है। डफी ने इस टूर्नामेंट में न्यूज़ीलैंड के लिए अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

## त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने श्रीलंका जाएगी भारतीय महिला टीम

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अप्रैल और मई में दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इस त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में 27 अप्रैल से 11 मई के बीच दिन में खेले जाएंगे। तीनों टीमें के बीच चार-चार मैच खेले जायेंगे और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जायेंगा। सीरीज का पहला मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच 27 अप्रैल को होगा। उल्लेखनीय है कि यह श्रृंखला सभी टीमों के लिए एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी का एक अतिरिक्त अवसर है। एकदिवसीय विश्वकप इस साल अक्तूबर में भारत में खेला जाएगा।

## भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सरकार के फैसले पर निर्भर : राजीव शुक्ला



■ **द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति में नहीं: राजीव शुक्ला**

**लाहौर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट के बारे में कोई भी निर्णय सरकार ही ले सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। पाकिस्तान के तीसर दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजीव शुक्ला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जब दोनों देशों के बीच क्रिकेट की बात आती है, तो यह बहुत सीधा और स्पष्ट है कि निर्णय भारत सरकार के हाथ में है। हम सरकार के निर्णय के अनुरूप चलेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई का हमेशा से यही रुख रहा है।

आईसीसी का एक नियम भी है जिसमें सरकार की मंजूरी शामिल है, जो एक महत्वपूर्ण कारक है। जाहिर है कि भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी करना चाहेंगे, लेकिन इस पर फैसला सरकार को करना है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के सामने अपना दृष्टिकोण रखते हैं, लेकिन अंतिम फैसला विभिन्न कारकों पर विचार करने के बाद किया जाता है। आखिरकार यह उनका निर्णय है। लंबे अंतराल के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने में पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान काफी समय के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, और यह देखना बहुत अच्छा है कि उन्होंने इसे कितनी अच्छी तरह से आयोजित किया है।

भारत द्वारा अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने को अनुा. चत लाभ कहे जाने के तर्क उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि आईसीसी के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के मैच दुबई में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। इसलिए, निष्पक्षता का मुद्दा यहां नहीं आता है। भारतीय और दुबई की पिच अलग-अलग हैं।

# खिलाड़ियों से उम्मीद

चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह वह स्थान होगा, जो चैंपियन ट्राफी की विजेता का गवाह बनेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय टीम उत्साह से भरी है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चैंपियन ट्राफी विजेता होगा, हो भी क्यों न। देश के खिलाड़ियों को अपने देश की आन, बान और शान रखनी है, क्योंकि इसी महीने भारत में होली और ईद का त्योहार आने वाला है। खिलाड़ियों से उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे देश की अस्मिता को गिरने नहीं देंगे। वैसे भी हमारे देश के खिलाड़ियों का एक गौरव रहा है कि जब भी भारत में कोई त्योहार आया है, तब-तब टीम इंडिया जीतकर वापस लौटी है। अब फाइनल मैच रविवार, 9 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। जबकि कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग, तीनों में ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। इस समय कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंडया भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टाप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंडया को टीम में रखा गया है। कुल मिलाकर भारत के खिलाड़ियों को एकाग्र होकर खेलना है।

## संवाद से ही निकालें समस्याओं का समाधान



आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती है, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में, यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है, देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

**डा. एस. जयशंकर**
**विदेश मंत्री**

# आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला जारी



**योगेश कुमार गोयल**

> **देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं, कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए**

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुन: तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुन: सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपरा. धियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीन. री को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारी. रिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं। जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।



**( लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# बंजर भूमि में हरियाली की मुस्कान...

किसी भी किसान को खुशी होगी यदि उसकी पथरीली और बंजर पड़ी भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाने लगें। यही खुशी आज राजस्थान के करौली ज़िले के अनेक किसानों में दिख रही है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है तथा बहुत सारी ज़मीन पथरीली होने के साथ-साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अत: उनकी ज़मीन का एक बड़ा हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और श्रमदान करके वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जलसंकट को कुछ हद तक कम किया।

वे आगे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल स्रोतों से मिट्टी हटवाकर खेतों में डलवाई। इससे जल स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा व खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेड़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतल. ीकरण किया गया। इस सबका मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ व विमला अपने हरे-भरे सब्ज़ी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि बीज, पौधों व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का यह असर है। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुना मिल रही है। विविध सब्ज़ियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है जिससे आय भी होती है व पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर व मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है।

इसी गांव के किसान मानसिंह बताते हैं कि संस्था की मदद से व सरकारी विभागों से प्राप्त सब्सिडी से उन्हें सोलर पंप सेट लगाने में सहायता मिली है। सोलर पंप बहुत कामयाब हैं व डीज़ल के खर्च में बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खर्चों में भी बहुत कमी आई है।

इसी ब्लॉक में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और वे नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है व थोड़ा-सा आगे जाकर मध्य प्रदेश का मुरैना ज़िला या चंबल के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अत: यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है, और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते व बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से ज़मीन को समतल कर इस कठिन परिस्थिति को संभालते हैं।

जल संरक्षण से लेकर प्राकृतिक खेती जैसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है व इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता व उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों व सब्ज़ियां सब हो रहे हैं। सृजन संस्था के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी किसानों का मज़बूत का सम्बंध बना है व सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है।

खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है। जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में फसल के लिए पानी लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए।

ऐसे अनेक गांवों में संस्था, सरकार और समुदाय की भागीदारी से बहुत कम बजट में जल स्रोतों के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के सुधार, मेड़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि कार्यों से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की संभावनाएं बनाई गई हैं। पांच वर्षों के इस प्रयास में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती संभव हुई व 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नए पोखर बनाए गए। इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

**स्रोत फीचर्स**



# वायु प्रदूषण पर कैसे लगे रोक...



**रजनीश कपूर**

> **क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी खरीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो**

दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सत्ता संभालते ही कई कड़े निर्णय लेने शुरू कर दिये हैं। इनमें अहम निर्णय दिल्ली की हवा को प्रदूषण से मुक्त करवाना है। इसके चलते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ये घोषणा कर दी कि 31 मार्च 2025 के बाद दिल्ली के सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय कड़ा अवश्य है परंतु देखना यह होगा कि क्या केवल ऐसे एक ही सख़्त निर्णय से दिल्ली की वायु साफ़ हो पाएगी? क्या प्रदूषण के अन्य पहलुओं को अनदेखा किया जाएगा? क्या वाहन निर्माताओं के विरुद्ध भी कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे जिसके तहत उनके द्वारा निर्मित गाड़ियों में से प्रदूषण की मात्रा की रोकथाम में भी सहयोग लिया जाए? क्या ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से देर रात में दिल्ली से गुज़रने वाले भारी वहनों को भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा रोकने की दिशा में भी ऐसा ही कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौनसा निर्णय प्रदूषण की जिन्न पर भारी पड़ेगा।एक सर्वे के मुताबिक़ दिल्ली जैसे महानगर में औसतन 1800 नए वाहन प्रतिदिन जुड़ते हैं। ऐसे में दिल्ली की वायु को दूषित करने के लिए ये वाहन अकेले ही लगभग 50 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार हैं। ज़ाहिर सी बात है कि जब पुराने वाहनों की उम्र सीमा तय की जाएगी तो लोग नए वाहन तो लेंगे ही। लेकिन ऐसे में क्या सरकार की यह ज़िम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी ख़रीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो। यदि हो तो पहले उस गाड़ी को बेचा जाए और उसके प्रमाण के बाद ही नई गाड़ी का पंजीकरण किया जाए। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक गाड़ी अपने नाम या अपनी संस्था के नाम लेता है तो उससे पंजीकरण की फ़ीस अधिक ली जाए। इतना ही नहीं ऐसे नियमों को केवल दिल्ली में ही नहीं देश भर में लागू किया जाए। यदि पुरानी गाड़ियां वास्तव में अधिक प्रदूषण करती हैं तो उनकी समय सीमा पूरी होने पर देश भर में कहीं भी चलने की अनुमति न दी जाए। ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के सख्त आदेश लागू किए जाएं। ऐसा भी देखा गया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ऐसे कड़े नियम आमतौर पर आम जनता के लिए ही होते हैं। सरकारी वाहनों पर इनका कोई भी डंडा नहीं चलता। अक्सर ऐसा भी देखा गया है कि जब सरकारी वाहनों में से निकलता हुआ गंदा धुंआ आसपास के सैकड़ों वाहनों से कहीं अधिक होता है। लेकिन इन वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती। चालान और वाहन ज़ब्त करने की गाज तो आम जनता पर ही गिरती है। सरकारी अस्पतालों में या अन्य सरकारी भवनों में पुरानी कबाड़ा या दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़ने दिया जाता है। उनका ज़ंग खा कर गलने और मलबे में बदलने का इंतज़ार किया जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि किसी कालोनी में किसी आम नागरिक की गाड़ी इस हालत में पाई जाती है तो उसके खिलाफ़ नगर निगम और पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है।

देश भर के पुलिस थानों के बाहर या उनसे सटे मैदानों में दुर्घटनाग्रस्त या किसी अपराध में शामिल गाड़ियों के ढेर भी कोई अच्छा दृश्य नहीं देते। इन वाहनों के कारण सड़कों पर जाम भी लग जाता है जिसके कारण भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जाम की बात ही करें तो दिल्ली जैसे शहर में ऐसी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जो चौड़ी तो अवश्य हैं लेकिन समय-समय पर रखरखाव न हो पाने के कारण खस्ता हाल में हैं। इन टूटी-हटी सड़कों के कारण भी वाहनों को चलने में दिक्क़त होती है। इस कारण भी ट्रैफ़िक जाम लगता है जो वायु प्रदूषण का कारक बनता है। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं ज्यादा मात्रा में नए वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सड़कों को दुरुस्त रखें जिससे प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

ऐसा भी देखा गया है कि जब भी कभी देश के किसी भी कोने में किसी वीवीआईपी का दौरा होता है तो सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस की तैनाती इस कदर की जाती है कि जाम लगना असंभव हो। यदि इलाक़े की ट्रैफ़िक पुलिस किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति की सेवा में ट्रैफ़िक संचालन को इतने सुचारू रूप से चला सकती है तो आम नागरिकों से इतना सौतेला व्यवहार क्यों? क्या किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई पहल की है? यदि इन बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाए तो न सिर्फ़ दिल्ली बल्कि पूरे देश की हवा बदलेगी।दिल्ली की हवा ख़राब होते ही पुराने वाहनों पर रोक लगाने से सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ में नहीं आता। ज़रा सोचिए, यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना नहीं है।



**लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।**

# लंजेस एक्सरसाइज करते समय न करें ये मिस्टेक्स, वरना बढ़ सकता है घुटनों का दर्द

वर्तमान समय में हम सभी खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहते हैं। वहीं फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन में कई एक्सरसाइज शामिल करते हैं। जब पैरों की एक्साइज की बात की जाए, तो लंजेस करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि अगर आपको अक्सर घुटनों में दर्द की शिकायत रहती है, तो लंजेस करने से दर्द अधिक बढ़ सकता है। वहीं घुटने का दर्द काफी परेशान करने वाला हो सकता है। इसके साथ ही जब लंजेस एक्सरसाइज गलत तरीके से किया जाता है, तो दर्द काफी बढ़ने लगता है। पैरों और ग्लूट्स को मज़बूत बनाने के लिए लंजेस एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।
वहीं जब आप यह एक्सरसाइज गलत तरीके से करते हैं, तो आपके घुटने पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ सकती है। फिर चाहे घुटने को एक सीध में रखना हो या फिर शरीर के हिसाब से मूवमेंट बदलना हो। यह छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं।

**ज्यादा नीचे झुकना:-** बता दें कि लंजेस करते समय हम अधिक नीचे झुकते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर भार बढ़ जाता है। इससे घुटने का दर्द काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा लंजेस करते समय सिर्फ उतना ही नीचे जाएं, जितना कि आप सहज महसूस करते हैं। वहीं दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाने का लक्ष्य रखें।

**आगे की ओर ज्यादा झुकना:-** अगर आपके घुटने में दर्द की समस्या रहती है, तो ऐसे में आपको लंजेस करते समय ज्यादा आगे झुकने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे आपका पोश्चर बिगड़ जाता है। वहीं आपके सामने वाले घुटने पर एक्स्ट्रा भार पड़ता है। ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

**रेप्स जल्दी-जल्दी करना:-** यह एक ऐसी गलती है, जिसको अक्सर लोग बैठकर करते हैं। जब आप वर्कआउट करते हैं, तो उस दौरान लंजेस समेत अन्य एक्सरसाइज जल्दी-जल्दी करना चाहते हैं। लेकिन जब आप जल्दबाजी में रेप्स करते हैं, तो इससे आपका बॉडी फॉर्म खराब हो सकता है। वहीं इससे घुटनों पर अधिक भार पड़ता है।

**बिना कुशनिंग के हार्ड सरफेस पर लंजेस करना:-**

अगर आपके घुटने में भी अक्सर दर्द की समस्या रहती है, तो आपको कभी हार्ड सरफेस पर लंजेस करने की गलती नहीं करना चाहिए। हार्ड सरफेस पर झुकते हैं, तो घुटने की दर्द की समस्या बद से बदतर हो जाती है। वहीं इस बात का ख्याल रखें कि लंजेस करते हुए घुटनों पर दबाव कम करने के लिए योगा मैट या गद्देदार सतह का उपयोग करें।

# एलन मस्क को फिर लगा झटका

## स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट, लगातार दूसरी बार हुआ परीक्षण विफल
## आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्च पैड पर वापस आया, आसमान में ब्लास्ट





**123 मीटर**

**लंबा यह अंतरिक्ष यान एक घंटे की उड़ान के बाद हिंद महासागर के ऊपर से पृथ्वी की कक्षा में फिर से प्रवेश करने वाला था।**

**यह रॉकेट का परीक्षण करने वाला आठवां मिशन था, लगातार दूसरी बार हुआ फेल।**

**इसका सुपर हैवी बूस्टर जो रॉकेट को जमीन से उड़ान भरने में मदद करता है, लॉन्चपैड पर वापस लौटने में सफल रहा।**

**लॉस एंजिल्स।** स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ी और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई। स्पेसएक्स ने पुष्टि की कि अंतरिक्ष में ऊपर उठते हुए बिना चालक दल के जहाज को तेजी से अनिर्धारित विघटन का सामना करना पड़ा, और जमीन से उसका संपर्क टूट गया।

विशाल स्पेसएक्स स्टारशिप, जो अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, लॉन्च के कुछ ही देर बाद नियंत्रण से बाहर हो गया। किसी भी तरह की चोट या क्षति की सूचना नही मिली है लेकिन कैरिबियन सागर के द्वीप देशों से प्राप्त तस्वीरों में आसमान से आग के मलबे की बारिश होती दिखाई दे रही है। अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि टीमों ने तुरंत पूर्व-नियोजित आकस्मिक प्रतिक्रियाओं के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया। बयान में कहा गया कि स्पेसएक्स मिसफायर के मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिएष डेटा की समीक्षा करेगा। बयान के अनुसार, विस्फोट कई इंजनों के नष्ट होने के बाद हुआ। मस्क ने विस्फोट पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है।



### फ्लोरिडा में स्टारशिप का मलबा गिरने से चार हवाई अड्डे करने पड़े बंद

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के असफल प्रक्षेपण के बाद मलबे गिरने के खतरे के कारण फ्लोरिडा में हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की घोषणा गुरुवार को स्थानीय समय 23:42 बजे की गई। कथित तौर पर फोर्ट लॉडरडेल-हॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ ऑरलैंडो और पाम बीच शहरों के हवाई अड्डों के लिए भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले कल स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारशिप अंतरिक्ष यान के कक्षा में प्रक्षेपण के दौरान तेजी से अनिर्धारित विघटन हुआ।



# भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत) और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं। महिलाओं में व्यवसाय बढ़ाने को लेकर भी बड़ा आत्मविश्वास देखा गया है। महिला व्यवसायियों में 89 प्रतिशत को अगले पांच वर्षों में अपनी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत ही था।

### पेरिस में वर्ल्ड वॉर 2 का जिंदा बम मिला, लंदन जाने वाली ट्रेनें रद्द

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के गेरे डू नार्ड रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक पर वर्ल्ड वॉर 2 का एक जिंदा बम मिला। इसके बाद पेरिस से लंदन जाने और आने वाली सभी यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

इसके अलावा फ्रांस के उत्तरी शहरों की तरफ जाने वाली ट्रेन को भी रोक दिया गया है। फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर फिलिप टैबरोट ने कहा कि पूरे दिन ही ट्रैफिक बाधित रहेगा। फर्स्ट और सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान छोड़े गए बम फ्रांस के अलग-अलग इलाकों में अक्सर पाए जाते हैं, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर उनका मिलना बहुत ही दुर्लभ है।

# अमेरिका बनाएगा बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नही दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नही करना पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास लगभग दो लाख बिटकॉइन हैं हालांकि, कभी भी पूर्ण ऑडिट नहीं हुआ है। राष्ट्रपति का कार्यकारी आदेश संघीय सरकार की डिजिटल संपत्ति होल्डिंग्स का पूरा लेखा-जोखा रखने का निर्देश देता है। अमेरिका अपने रिजर्व में जमा किए गए किसी भी बिटकॉइन को नही बेचेगा। इसे मूल्य के भंडार के रूप में रखा जाएगा। रिजर्व क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक डिजिटल फोर्ट नॉक्स की तरह है जिसे अक्सर डिजिटल गोल्ड कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि बिटकॉइन की समय से पहले बिक्री से अमेरिकी करदाताओं को पहले ही 17 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब संघीय सरकार के पास अपनी होल्डिंग्स के मूल्य को अधिकतम करने की रणनीति होगी। ट्रेजरी और वाणिज्य सचिवों को अतिरिक्त बिटकॉइन प्राप्त करने के लिए बजट-तटस्थ रणनीति विकसित करने के वास्ते अधिकृत किया गया है, बशर्ते कि उन रणनीतियों से अमेरिकी करदाताओं पर कोई अतिरिक्त लागत न आए। इसके अलावा, कार्यकारी आदेश एक अमेरिकी डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल की स्थापना करता है, जिसमें आपराधिक या सिविल कार्यवाही में जब्त किए गए बिटकॉइन के अलावा अन्य डिजिटल संपत्तियां शामिल हैं।

# कनाडा-मैक्सिको पर टैरिफ एक बार फिर टाला

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फिर पलटे**
- **कनाडा में नागरिकों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकाट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुक. ानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

### कनाडा दो अप्रैल तक नहीं लगाएगा दूसरे चरण का टैरिफ

**ओटावा।** कनाडा ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ के दूसरे चरण को दो अप्रैल तक लागू नही करेगा। वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने गुरुवार को यह घोषणा की। लेब्लांक ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में देरी की घोषणा के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अमेरिका ने कनाडा से कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएसएमए) अनुपालन वाले निर्यात पर टैरिफ को दो अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा दो अप्रैल तक 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ का दूसरा चरण लागू नहीं करेगा, ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको और कनाडा को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की।

# 10 भारतीय मजदूरों को इजरायल ने मुक्त कराया

## वेस्ट बैंक में एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी कर लिए थे जब्त

**तेल अवीव।** इज़रायल के अधिकारी फिलिस्तीनी क्षेत्र पश्चिमी तट में लापता 10 भारतीय श्रमिकों को खोज कर उन्हें सुरक्षित वापस इज़रायल ले आए हैं। इज़रायल में भारत के दूतावास ने गुरुवार देर रात बताया कि इजरायली अधिकारियों ने पश्चिमी तट क्षेत्र में लापता 10 भारतीय निर्माण श्रमिकों का पता लगाया है और उन्हें इज़रायल वापस लाया गया है। मामले की हालांकि अब भी जांच चल रही है, भारतीय दूतावास इज़रायल के अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। टाइम्स ऑफ इज़रायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्रमिकों को नौकरियों के वादे के साथ फिलिस्तीनियों द्वारा पश्चिमी तट के एक गांव अल-ज़ायम गांव में ले जाया गया था। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे, और इज़राइल में घुसपैठ के लिए उनका उपयोग करने का प्रयास किया गया था।

### चांद पर उतरा अमेरिकी कंपनी का एथेना लैंडर

**वाशिंगटन।** यूएसकी प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद के साउथ पोलर रीजन में उतरा। हालांकि, लैंडिंग के कुछ मिनट बाद से मिशन कंट्रोलर उसकी स्थिति की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। अब तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि लैंडर सीधा सतह पर खड़ा है या नहीं। मिशन कंट्रोलर को लैंडिंग की पुष्टि करने में भी समय लगा। मिशन डायरेक्टर और कंपनी के को-फाउंडर टिम क्रेन ने कहा- ऐसा लगता है कि हम चंद्रमा पर उतर गए हैं। अब यह जांच रहे हैं कि लैंडर की सतह पर स्थिति क्या है। मिशन आफिशियल्स के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद लैंडर मिशन कंट्रोलर के संपर्क में था। सोलर पावर भी जनरेट कर रहा था। हालांकि, लैंडिंग के करीब आधे घंटे बाद भी मिशन टीम यह पुष्टि नहीं कर पाई कि लैंडर सही स्थिति में है या नहीं।

कोई तो बात है जूम इंस्टीट्यूट में
जो यू.पी. बोर्ड के छात्रों को भी नीट मैडिकल/पी.एम.टी. में अच्छी रैंक से चयनित करा देते है।
9th-12th CBSE/UP Board (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
Huma Jahan, Meerut Med. Coll., Moh. Devidas Madrsa, Faizal Kuran, Khatauli
Mohd. Tabish, KGMU, AMU Selected (Std. of Shishu Niketan), Nirana Jansath Rd. MZN
Amir Khan, AFMC, Pune, AMU Sel., S/o Sh. Abrar Ahmed, V & P Biswa, Modinagar
Anas Khan, Govt. Med. Coll (Std. of UP Board), Khatauli
Mohd. Asif, Muzaffarpur G.M.C., Sardhana, Distt. Meerut
Mohd. Ahmed, KGMC, Lucknow, S/o Atiqurrehman, Islamabad Sardhana
Sana Praveen, KGMC Lucknow, D/o Dr. Mehboob Hasan, 407, S. Khalapar, MZN
Ashba Tyagi, D/o Tahir Tyagi 1073, Laddhawala, MZN., Std. of Ajmat Girls
Farman, G.M.C. Saharanpur, S/o Nazar Mohd., Vill. Katka, Jansath
Sayma Praveen, Govt. Med. Coll.Noida, D/o Mohd. Yameen 1013, Mahmood Nagar MZN
ZOOM INSTITUTE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108